राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 योजना अच्छी शुरुआत देने की ...

मालदीव का अच्छा दोस्त है भारत... 12

वर्ष : 14 | अंक : 322 | नई दिल्ली, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 71,985

चांदी 80,700

सेंसेक्स 74,248

निफ्टी 22,513

## संक्षिप्त खबरें

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया। रक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने उरी में सबुरा नाला रुस्तम में नियंत्रण रेखा के करीब घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें ललकारा। इसी दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि अब तक एक आतंकवादी मारा गया है और अभियान जारी है। सीमा सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कहा था कि चुनाव के दौरान नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की आशंकाओं के मद्देनजर सुरक्षाबल अलर्ट हैं। बारामूला लोकसभा सीट पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सटे होने के कारण संवेदनशील क्षेत्र है।

### प्रधानमंत्री ने पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की जयंती पर उन्हें शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को उनकी जयंती पर सादर नमन। जनसेवा को लेकर उनका समर्पण भाव और सामाजिक न्याय के लिए उनकी प्रतिबद्धता देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मोदी ने साथ ही पूर्व में जगजीवन राम को दी गई श्रद्धांजलि का एक ऑडियो क्लिप भी साझा किया। पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम बिहार से थे। पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के युद्ध के दौरान वह केंद्रीय रक्षा मंत्री थे। आपातकाल के विरोध में उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी।

### मणिपुर में सेना ने अत्याधुनिक हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया

इंफाल। लोकसभा चुनाव से पहले सेना ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में गुरुवार को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने बिष्णुपुर के सदु कबुई गांव के पास खुजोई रोक नाला से हथियार, गोला-बारूद जैसे सामान बरामद किए। बरामद हथियारों में एक 9एमएम कार्बाइन मशीन गन, एक स्टेन गन एमके-2, एक .303 राइफल, एक 9एमएम पिस्तौल, एक बंदूक, 14 ग्रेनेड, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री शामिल हैं।

### गोवा में फिर खनन शुरू, सीएम सावंत ने की सराहना

पणजी। 12 सालों के बाद गोवा में खनन फिर से शुरू किया गया है। 2012 से खनन पर प्रतिबंध के बाद हितधारकों, लोगों और राज्य को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। खनन से शुरू होने पर राज्य के मुख्यमंत्री ने सराहना की है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गुरुवार 12 सालों के अंतराल के बाद प्रदेश में खनन गतिविधि फिर से शुरू किए जाने की सराहना की और इसे ऐतिहासिक दिन बताया। सीएम सावंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- यह गोवा के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

# दस साल में किया गया काम तो केवल ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है : मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी



चुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के बीते दस साल के काम को महज एक 'ट्रेलर' (नमूना) बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अभी तो बहुत कुछ करना बाकी है तथा देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है। मोदी चुरू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले ह्यऐपेटाइजरह्ण और फिल्म के ट्रेलर से की। उन्होंने कहा, "जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है। जो काम इतने दशक में नहीं हुए वे हमने दस साल में कर दिखाए। इसलिए मैं कहता हूं कि जब नीयत सही तो नतीजे सही होते हैं।"

मोदी ने कहा, "दस साल में जो हुआ ह्व लोग तो कहते हैं कि बहुत कुछ हुआ। पहले की सरकारों की तुलना में बहुत कुछ हुआ। लेकिन मोदी के मन की बात मैं आज चुरू में बता देता हूं ह्व. जो अब तक हुआ है वह तो ट्रेलर है ट्रेलर।" उन्होंने 'ऐपेटाइजर' का जिक्र करते हुए कहा, "ये जो मोदी ने किया है न, वह तो ऐपेटाइजर है ऐपेटाइजरह्ण अभी तो पूरी खाने की थाली बाकी है। बहुत कुछ करना है भाइयो। बहुत सारे सपने हैं। हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है।"

कांग्रेस व 'इंडिया' गठबंधन पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा, "सेनाओं का अपमान, देश का विभाजन ये कांग्रेस पार्टी की पहचान है। जब तक 'इंडी' एलायंस के लोग सत्ता में रहे उन्होंने हमारे जवानों के हाथ बांधकर रखे। दुश्मन हमला करके चला जाता था। ये हमारे जवानों को जवाब देने की इजाजत नहीं देते थे। हमारे जवान ह्यवन रैंक वन पेंशनह्ण की मांग करते थे। कांग्रेस ने इसे भी पूरा नहीं होने दिया। हमारी सरकार बनी तो हमने सैनिकों को 'वन रैंक वन पेंशन' का अधिकार भी दिया और सीमा पर पलटवार करने की खुली छूट भी दी।" उन्हों ने कहा, "आज दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है, यह नया भारत है। यह नया भारत घर में घुसकर मारता है।" प्रधानमंत्री ने कहा, "कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले सिर्फ अपना हित देखते हैं। इन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। ये वही लोग हैं जिन्होंने कभी बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया।" मोदी ने कहा, "देश हित से भी ज्यादा कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी है। ये वे लोग हैं जिन्होंने अदालत में जाकर कहा था कि प्रभु श्री राम तो काल्पनिक हैं।"

उन्होंने कहा, "भाजपा जो कहती है वह जरूर करती है और यह दूसरे दलों की तरह केवल घोषणापत्र जारी नहीं करती। हम तो संकल्प पत्र लेकर आते हैं। 2019 में हमने जो संकल्प पत्र जारी किया था उसके ज्यादातर संकल्प पूरे हो चुके हैं। कश्मीर में धारा 370 खत्म हो चुकी है, तीन तलाक पर कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है। लोकसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण का कानून भी संसद ने पारित कर दिया है।" मोदी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दस साल में एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। उन्होंने कहा, "आज पूरा देश विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रहा है और इसमें राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। जब राजस्थान विकसित होगा तो भारत भी विकसित होगा। बीते दस साल में मोदी ने देश में जो काम किए हैं उन्हों ने विकसित भारत की नींव तैयार कर दी है। आज पूरी दुनिया हैरान है कि भारत इतनी तेजी से कैसे विकास कर रहा है।"

मोदी ने कहा किजीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, "जो काम इतने दशक में नहीं हुए वो हमने दस साल में करके दिखाए। इसलिए मैं कहता हूं कि जब नीयत सही तो नतीजे सही होंगे। हताशा-निराशा जैसी चीजें मोदी के पास भी नहीं फटक सकतीं और मैंने तय किया कि हालात बदलने ही होंगे। और मेरे लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार है। हमने ईमानदारी से काम किया।"

### विपक्ष के घमंडिया गठबंधन के लोग कर रहे है भ्रष्टाचार बचाओं रैलियां : पीएम

चुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर दस साल पहले के वर्षो में इनके बड़े बड़े घोटालों एवं लूट के के कारण देश के खस्ता हाल हो जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अब जब परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब होने लगा है तो विपक्ष के घमंडिया गठबंधन के लोग चुनावी रैलियों की जगह भ्रष्टाचार बचाओं की रैलियां कर रहे है। श्री मोदी शुक्रवार को यहां लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़ियां के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हम कह रहे है कि भ्रष्टाचार हटाओ तो वे कहते हैं भ्रष्टाचार बचाओं।ह्व उन्होंने कहा कि दस साल पहले देश में इतने खस्ता हाल थे कि कांगेस के बड़े बड़े घोटाले और लूट के कारण अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी और दुनियां में भारत के साख गिरती जा रही थी। आजादी के इतने दशक बाद भी जीवन की छोटी छोटी जरुरतों के लिए जूझना पड़ रहा था। करोड़ों गरीबों के सिर पर छत नहीं थी, पीने का पानी उपलब्ध नहीं था, गांव अंधरे में डूबे रहते थे। करोड़ों की लूट से सरकारी खजाना भी खाली ही रहता था। उन्होंने कहा कि अब देश विकास के संकल्प पर काम कर रहा हैं और इसमें राजस्थान की बड़ी भूमिका है, राजस्थान विकसित होगा तो भारत भी विकसित होगा। उन्होंने कहा कि दूनियां हैरान है कि भारत इतनी तेजी से कैसे विकास कर रहा है। दुनियां को पता नहीं कि भारत की मिट्टी की बात ही कुछ ओर हैं और हम ठान लेते हैं वह काम पूरा करते हैं। पिछले दस साल में देश को बदलते देखा गया है और देश आगे बढ रहा है लेकिन जब परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब हो रहा है और हम कहते है कि भ्रष्टाचार हटाओ तो वे कहते हैं भ्रष्टाचार बचाओं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में घमंडिया गठबधन के लोग चुनावी रैलिया नहीं कर रहे है और वे भ्रष्टाचार बचाओं की रैलिया कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस सांसद के घर छापा पड़ा और अलमारी एवं बक्सों में 300 करोड़ से ज्यादा रुपए मिले, केवल एक कांग्रेस सांसद के पास एक जगह पर यह खजाना मिला है। आगे क्या क्या होगा यह तो खोजना हैं। उन्होंने कहा कि गत दस साल में भ्रष्टाचारियों की एक लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त की गई है। उन्होंने लोगों से पूछा कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए या नहीं, ऐस लोगों को जेल में जिंदगी बितानी चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा कि यह मोदी डरने वाला नहीं है।

# लोकसभा चुनाव: कांग्रेस ने जारी किया घोषणा-पत्र

- जनता को लुभाने 5 न्याय और 25 गारंटी देने की घोषणा
- बेरोजगारों को नौकरी, महिलाओं को न्याय और किसान व मजदूर का रखा खयाल



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। चुनाव में सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने अपने घोषणा पत्र में कई वादे भी कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने भी आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में नौकरी, महिला को न्याय किसानों और मजदूरों के लिए वादे किए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गाँधी, सोनिया गाँधी ने घोषणा पत्र लॉन्च किया। कांग्रेस ने जनमानस को लुभाने के लिए 5 न्याय और 25 गारंटी देने की घोषणा की है। ये न्याय और गारंटी के बारे में ऐसे जानिए: किसान न्याय में कांग्रेस ने स्वामीनाथन फॉमूर्ले वाली एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू की जाएगी। कर्ज माफी प्लान प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए परमानेंट आयोग का गठन किया जाएगा। वहीं किसान बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे खाते में पैसा भेजा जाएगा। इसी तरह किसानों से सलाह मशविरा कर नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी और किसानी के लिए जो भी चीज होगी उस पर से जीएसटी हटेगा जाएगा। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं से कई बड़े वादे किए हैं जिसमें नौकरी पक्की के लिए हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार मिलेगा। नौकरी के लिए कांग्रेस ने 30 लाख सरकारी नौकरियां निकाली जाएंगी और सभी खाली पद कैलेंडर के अनुसार भरे जाएंगे। इसी तरह पेपर लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां बनाई जाएंगी। वहीं कांग्रेस ने गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड तैयार किया जाएगा। जारी घोषणा पत्र में कांग्रेस ने महिलाओं को लेकर अपने घोषणा पत्र में नारी न्याय के तहत महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल 1 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। वहीं केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50% महिला आरक्षण दिया जाएगा। शक्ति का सम्मान में आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स की सैलरी इजाफा किया जाएगा। महिलाओं को कानूनी हक और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक अधिकार-सहेली, हर पंचायत में अधिकार मैत्री बनाई जाएगी। वहीं कामकाजी महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले हॉस्टल खोले जाएंगे। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में श्रमिकों के लिए भी कई वादे किए हैं जिसमें 400 रुपए कम से कम दैनिक मजदूरी, मनरेगा में भी श्रमिको श्रम का सम्मान दिया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य के लिए 25 लाख रुपए के हेल्थ-कवर में मुफ़्त इलाज, अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी की व्यवस्था की जाएगी। वहीं शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना बनाई जाएगी। असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा लागू की जाएगी। वहीं सभी को रोजगार मिले इसके लिए मुख्य सरकारी कार्यों में ठेका प्रथा पर मजदूरी बंद की जाएगी। वहीं कांग्रेस ने सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती की जाएगी। संवैधानिक संशोधन द्वारा 50% सीमा हटाकर एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक दिलवाया जाएगा। एससी/एसटी सब प्लान की कानूनी गारंटी में जितने एससी/एसटी जनसंख्या, उतना बजट, यानी ज्यादा हिस्सेदारी पर काम किया जाएगा। वहीं वन-अधिकार कानून वाले पट्टों का 1 साल में फैसला लिया जाएगा। अपनी धरती, अपना राज - जहां एसटी सबसे ज्यादा, वहां पैसा लागू किया जाएगा।

### देश बचाने का चुनाव है, प्रधानमंत्री पद का फैसला 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल करेंगे : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी होने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह देश, लोकतंत्र एवं संविधान बचाने का चुनाव है तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस बारे में चुनाव में जीत के बाद घटक दल मिलकर फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा करने का प्रयास करने वालों के बीच है। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, "यह चुनाव बुनियादी रूप से अलग है। मुझे नहीं लगता कि संविधान और लोकतंत्र को इतना खतरा पहले कभी था जितना आज है।" उन्होंने दावा किया, "एक तरफ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं, संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं। दूसरी तरफ 'इंडिया' गठबंधन है जो लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा करने के लिए है ह्व यह देश, संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।" कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, "यह समझना होगा कि हिंदुस्तान के राजनीतिक ढांचे में क्या हो रहा है। आरएसएस, भाजपा और खासकर नरेन्द्र मोदी जी ने क्या बुनियाद बनाई है, सबसे पहले यह समझना होगा। जैसे विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों में अडाणी का एकाधिकार है, उसी तरह नरेन्द्र मोदी ने 'पॉलिटिकल फाइनेंस" (राजनीतिक वित्तपोषण) का एकाधिकार बना लिया है।" उन्होंने दावा किया कि यह एकाधिकार सीबीआई और ईडी जैसी तमाम संस्थाओं पर कब्जा करके कायम किया गया है।

# सूफी संत का पार्थिव शरीर भारत लाने के अनुरोध संबंधी याचिका खारिज

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सूफी संत हजरत शाह मोहम्मद अब्दुल मुक्तदिर शाह मसूद अहमद का पार्थिव शरीर बांग्लादेश से भारत लाने के अनुरोध संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि सूफी संत के पाकिस्तानी नागरिक होने के कारण उनका पार्थिव शरीर लाने का अनुरोध करने का संवैधानिक रूप से लागू करने योग्य कोई अधिकार नहीं है पीठ ने सवाल किया, वह पाकिस्तानी नागरिक थे, आप भारत सरकार से उनका पार्थिव शरीर भारत लाने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? याचिकाकर्ता दरगाह हजरत मुल्ला सैयद की ओर से पेश वकील ने कहा कि संत का पाकिस्तान में कोई परिवार नहीं है, जबकि उत्तर प्रदेश की दरगाह में वह सज्जादा-नशीन (आध्यात्मिक प्रमुख) थे। पीठ ने कहा, हजरत शाह पाकिस्तानी नागरिक थे और कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। पार्थिव शरीर को कब्र से निकालने के संबंध में व्यवहारिक जटिलताएं हैं। इस अदालत के लिए किसी विदेशी का पार्थिव शरीर भारत लाने का निर्देश देना सही नहीं होगा।

# कांग्रेस ने संजय निरुपम के लिए दरवाजे बंद किए

प्रात : किरण/एजेंसी




मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में संजय निरुपम बड़ा नाम है। कांग्रेस छोड़ने के बाद संजय को लगा था कि भाजपा या शिवसेना में जगह मिल जाएगी। अब दोनों ही दलों में उनका इतना ज्यादा विरोध है कि पार्टी उन्हे लेने से बच रही है। अब बड़ा सवाल यही है कि कांग्रेस ने उनके लिए हमेशा हमेशा के लिए दरवाजे बंद कर लिए हैं तो भाजपा और कांग्रेस विरोध के चलते उन्हे लेने से कतरा रहे हैं। ऐसे में वे कहां जाएं या फिर खुद में घर में बैठकर आराम फरमाएं। उत्तर-पश्चिम मुम्बई की सीट से लोकसभा का टिकट न मिलने से नाराज संजय निरुपम ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे की खबर आते ही संजय निरुपम के शिवसेना (शिंदे गुट) में जाने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया। चचाओं के बीच देख बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) दोनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। बीजेपी नेता मोहित कम्बोज ने निरुपम की तुलना कचरे से करते हुए कहा, कचरे की जगह घर के बाहर होती है, घर के अंदर नहीं। निरूपम को अगर महायुति में शामिल किया जाता है तो वह उसका विरोध करेंगे।

कांग्रेस छोड़ने के बाद संजय निरुपम के सामने एक ही विकल्प है और वो है महायुति की किसी पार्टी में शामिल होने का, लेकिन वहां अभी से विरोध के सुर उठने लगे हैं। निरूपम ने नार्थ वेस्ट की सीट से चुनाव किसी पार्टी के ही टिकट पर लड़ने का एलान किया है, लेकिन शिंदे गुट इस सीट से किसी मराठी उम्मीदवार को उतारने की तैयारी में हैं। ऐसे में निरुपम की टिकट मिलने की मंशा वहां भी नही पूरी होने वाली। कांग्रेस के रहने के दौरान निरुपम ने पीएम मोदी सहित महायुति के कई नेताओं पर जमकर विवादित बयान दिए हैं और इस स्थिति में उन्हें लेने से पहले बीजेपी और शिवसेना सौ बार सोचेगी। ऐसे में यह साफ है कि निरुपम न तो घर के रहे और न ही घाट के। आखिर अब वह जाएंगे कहां? शिवसेना (शिंदे गुट) में संजय निरुपम की अगली पारी शुरू होने की चर्चा इसलिए जोर पकड़ रही थी, क्योंकि कुछ दिनों पहले उनके मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात होने की जानकारी सामने आई थी। इन चचाओं के बीच शिंदे गुट के प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने कहा कि अगर निरूपम को पार्टी में लिया जाता है तो वो और कई और नेता मुख्यमंत्री शिंदे के सामने अपना विरोध दर्ज कराएंगे। संजय निरुपम पार्टी में लेने लायक नेता नहीं

# मनीष सिसोदिया ने जेल से लिखा पत्र, बोले- जल्द बाहर आऊंगा

- सिसोदिया ने लिखा, मुझे खुशी है केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में शिक्षा क्रांति आई

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया दिल्ली शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने जेल से अपनी विधानसभा के लोगों को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि जल्द ही जेल से बाहर मिलेंगे। सिसोदिया ने पत्र में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की तारीफ करते हुए कहा है कि मुझे इस बात की खुशी है, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में शिक्षा क्रांति आई। शिक्षा क्रांति जिंदाबाद, लव यू ऑल। पिछले एक साल में मुझे सबकी याद आई। सबने ईमानदारी से मिलकर काम किया। जैसे आजादी के समय सबने लड़ाई लड़ी, वैसे ही हम अच्छी शिक्षा और स्कूल के लिए लड़ रहे हैं। अंग्रेजों की तानाशाही के बाद भी आजादी का सपना सच हुआ। वैसे ही एक दिन हर बच्चे को सही और अच्छी शिक्षा मिलेगी।

# अखिलेश के लिए मुश्किलें बढ़ा रहा टिकट वितरण सिस्टम

प्रात : किरण/एजेंसी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को टिकट देने में पसीने छूट रहे हैं। यहां टिकट मांगने वाले ज्यादा है और न मानने वालों की संख्या भी काफी अधिक है। यही वजह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ रहीं हैं और पार्टी के भीतर घमासान शुरू हो गया है। मतलब साफ है कि चुनाव प्रचार से दूर अभी टिकट वितरण में उलझी सपा अब अपने ही चक्रव्यूह में फंसती दिख रही है। पश्चिमी यूपी में जिस तरह बार-बार प्रत्याशी बदलने का सिलसिला चल रहा है, उससे पार्टी के लिए नई मुश्किलें खड़ी हो गईं। जिनका टिकट कट गया है, उन्हें अपने समर्थकों को समझाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे मायूस नेताओं को समझा कर उन्हें प्रचार में लगाना व उत्साहित करना सपा के लिए अब नई चुनौती आ खड़ी हुई है। वैसे पार्टी टिकटों में बदलाव को मजबूत प्रत्याशी की तलाश का आधार बता रही है। मुरादाबाद में एसटी हसन को भी टिकट देने का निर्णय हो चुका था लेकिन फिर भी रुचिवीरा प्रत्याशी हो गईं। मौजूदा सांसद एसटी हसन कहते हैं अब क्या किया जा सकता है। मुरादाबाद में नाटकीय व रोचक घटनाक्रम के बाद अब मेरठ में नया खेल हो गया। पहले सामान्य सीट पर पार्टी ने दलित प्रत्याशी भानु प्रताप को उतार दिया लेकिन यहां के टिकट के लिए तीन विधायक अतुल प्रधान, रफीक अंसारी व शाहिद मंजूर भी रेस में थे। बाजी हाथ लगी अतुल प्रधान के, जो अपना टिकट पक्का कराने के लिए अखिलेश के पीछे पीछे दिल्ली पहुंच गए। अखिलेश यादव से उन्होंने अपना टिकट पक्का करा लिया और नामांकन करा दिया लेकिन फिर बाजी पलटी और बाजी हाथ लगी सुनीता वर्मा के। टिकट कटने के बाद अतुल प्रधान भी मायूस दिखे लेकिन उन्होंने मीडिया से कहा कि वह पार्टी के प्रचार में पूरी तरह लगेंगे। रामपुर में पहले से आजम खां गुट के तेवर बगावती हैं।

**चर्चा** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर की चर्चा

# कम मतदान वाली 266 संसदीय सीटों की पहचान की

प्रात : किरण/एजेंसी




नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगर निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की और पिछले चुनावों के दौरान कम मतदान प्रतिशत होने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बैठक के दौरान निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों से ऐसा माहौल बनाने को कहा जिससे लोग मतदान करने के लिये स्वतः प्रेरित हो सकें। आयोग ने एक बयान में कहा कि अधिकतर शहरों से आये निगम आयुक्त और बिहार और उत्तर प्रदेश से चुनिंदा जिला चुनाव अधिकारियों ने चिह्नित शहरी और ग्रामीण पंचायत केन्द्रों में मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आवश्यक चुनाव संदेशों वाले सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता वाहनों को चलाने सहित अभिनव मतदाता जागरूकता अभियानों की कड़ी बनाने, व्यापक प्रसार के लिये उपयोगिता बिलों में मतदाता जागरूकता संदेशों को शामिल करने, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मतदाता जागरूकता मंचों के साथ सहयोग करना और विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग करना शामिल है। सम्मेलन में ईसीआई द्वारा मतदाता शिक्षा सामग्री के प्रसार के लिये होर्डिंग्स, डिजिटल स्पेस, कियोस्क और कॉमन सर्विस सेंटर और अन्य योजनाओं की भी रूपरेखा तैयार की गयी। श्री कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, कम मतदाता मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी सहित कुल 266 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की गयी है और लक्षित तरीके से मतदाताओं तक पहुंचने के तरीके खोजने के लिये सभी संबंधित नगर निगम आयुक्तों, डीईओ और राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को आज बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर कतार लगने पर सुव्यवस्थित प्रबंधन, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग, लक्षित पहुंच बनाने और संचार जैसी सुविधा प्रदान करने और लोगों को मतदान केंद्रों पर आने के लिये मनाने

# चंपावत में बड़ा हादसा : 14 मकान और तीन जानवर जले, दो घरों में सो रहे थे चार लोग; 4 सिलिंडर फटने से बढ़ी आग

**चम्पावत, एजेंसी।**
चंपावत के लड़ा गांव में आग लगने से दो मंजिला मकान जलकर खाक हो गया। 14 मकानों की बाखली में लगी आग से लाखों का नुकसान हो गया।

पाटी के रौलामेल ग्राम पंचायत के लड़ा गांव में आग लगने से दो मंजिला बाखली जलकर नष्ट हो गई। 14 मकानों की बाखली में लगी आग से लाखों का नुकसान हो गया। स्थानीय लोगों, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मकान के भीतर सो रहे चार लोगों और एक मवेशी को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला जबकि तीन मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई। फिलहाल आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार पाटी के रौलामेल ग्राम पंचायत के लड़ा गांव में बुधवार रात करीब 10ः25 में अचानक आग लग गई। हवा चलने के कारण और मकान में लगी आग अगल-बगल सटे 14 और मकानों तक पहुंच गई। गांव के चंदन सिंह और भैरव दत्त ने आग की विकरालता को देखकर सूचना पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को दी। मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने बचाव कार्य शुरू किया।

किसी तरह मकान के अंदर सो रहीं हीरा देवी, राधिका देवी, प्रीति और भुवन चंद्र को हो हल्लाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद आग बुझाने का कार्य शुरू किया। पीड़ित परिवारों के कपड़े, बिस्तर, खाद्य सामग्री और कई जरूरी सामान जलकर नष्ट हो गया। राजस्व उपनिरीक्षक जगदीश कुमार ने बताया कि आग लगने से सभी घरों में रखे सोने-चांदी के जेवरों और नकदी सहित 10 लाख से अधिक का नुकसान हो गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आगे बुझाने में तहसीलदार बलवंत सिंह खड़ायत, भीमा सिंह, एसआई देवेंद्र बिष्ट, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, प्रमोद भट्ट, मोहित मिश्रा, राजू कार्की आदि शामिल रहे। पीड़ित परिवारों ने गांव के अन्य घरों में शरण ले रखी है।



घटना के दौरान मकानों में रखे चार रसोई गैस सिलिंडर फटने के बाद आग ने भीषण रूप ले लिया। बद्रीदत्त के घर में एक और भुवन चंद्र के घर रखे दो सिलिंडरों जब फटे तो आग बुझा रहे लोग कुछ देर के लिए घटना स्थल से दूर भाग गए। गनीमत रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। गांव में बद्रीदत्त और भुवन चंद्र का परिवार रहता है। घटना के समय बद्रीदत्त के घर में उनकी बहू प्रीति और गांव की हीरा देवी सो रही थीं। बद्रीदत काम से खटीमा गए हुए थे जबकि भुवन चंद्र के मकान में उनकी मां राधिका देवी और वह खुद सोए हुए थे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दमकल वाहन में एक मकान की आग बुझाने के लिए भी पानी नहीं था। फायर ब्रिगेड का पानी जल्द खत्म हो गया। आसपास कोई स्रोत भी नहीं था कि जहां से पानी लाया जा सके। किसी तरह कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। इस कारण सुबह होने तक आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि बृहस्पतिवार को भी मकानों से धुआं निकलने में था। फायर ब्रिगेड को घटना स्थल तक पहुंचने में भी काफी समय लगा।

# उत्तराखंड में आठ अप्रैल से ही शुरू हो जाएगा पहले चरण का मतदान

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
लोकतंत्र के महापर्व की शुरुआत बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के वोट संग आठ अप्रैल से शुरू हो जाएगी। निर्वाचन आयोग की टीम हर उस घर में पहुंचेगी, जहां से घर बैठे मतदान करने को लेकर पूर्व में आवेदन किया गया था।

खास बात यह है कि पहले चरण में अगर इनमें से कोई मतदाता किन्हीं वजहों से घर पर नहीं मिला तो टीम दोबारा जाएगी, क्योंकि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इस चुनाव में हरसंभव प्रयास करने हैं।

बुधवार को उत्तराखंड मुक्त विवि में 384 कार्मिकों संग जोनल व सेक्टर अधिकारियों को घर-घर मतदान से जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। पहले चरण में आठ से दस और दूसरे में 11 से 13 अप्रैल के बीच टीमें दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक वर्ष के मतदाताओं के घर जाएंगी।

नोडल अधिकारी मतदान व मतगणना हिमांशु जोशी ने बताया कि जिले की सभी छह विधानसभा में 12 डी फार्म भरने वाले मतदाताओं को ही इसका लाभ मिलेगा। पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान कराया जाएगा। वहीं, प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर एचबी चंद्र, पूरन तिवारी, आरती जैन, दीप्ति गुणवंत आदि शामिल थे।

घर बैठे होने वाली इस मतदान प्रक्रिया पर कोई सवाल नहीं उठा सकता, क्योंकि आयोग की टीम वीडियोग्राफी रिकार्ड भी रखेगी। माइक्रो आब्जर्वर, बीएलओ संग सुरक्षाकर्मी भी इस दौरान मौजूद रहेगा।

नोडल मतदान व मतगणना हिमांशु जोशी ने बताया कि अलग-अलग राजनीतिक दलों को सूचना दी जाएगी कि किस क्षेत्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता का वोट डलवाने के लिए टीम पहुंच रही है। निर्दलीय उम्मीदवार के मामले में उसके मुख्य अभिकर्ता से संपर्क होगा। यानी पूरी तरह पारदर्शिता बरती जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्राइवर को आई नींद की झपकी, अनियंत्रित होकर खाई में गिरा वाहन, मौत

**श्रीनगर गढ़वाल , एजेंसी।** साकनिधार देवप्रयाग के पास वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इस हादसे में चालक की मौत हो गई। ऋषिकेश से जामनीखाल सब्जी लेकर जा रही एक मैक्स पिकअप साकनिधार देवप्रयाग के पास अनियंत्रित होकर खाई मे गिर गई। हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मैक्स पिकअप सब्जी लेकर ऋषिकेश से हिंडोला खाल जा रही थी, जिसमें ड्राइवर व एक अन्य आयुष पुत्र जवर सिंह (16) निवासी डूंगी हिन्डोलाखाल सवार थे। साकनिधार देवप्रयाग के पास वाहन अनियंत्रित हो गया। जिससे चालक अभिषेक रावत (23) पुत्र सोवनु जामनीखाल जोगियाना गाड़ी के साथ खाई में गिर गया। चालक की मौत हो गई। जबकि आयुष वाहन से छिटक कर बाहर गिर गया। पूछताछ में आयुष ने बताया कि ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई थी।

### रक्त जांच मशीन में आई खराबी, मरीज परेशान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिला अस्पताल में अचानक रक्त जांच मशीन में खराबी आ गई। जांच ठप होने से मरीज परेशान रहे। मजबूरन उन्हें जांच के लिए महिला अस्पताल की लैब की दौड़ लगानी पड़ी। बुधवार को जिला अस्पताल में में रक्त जांच मशीन ने काम करना बंद कर दिया। तकनीकी खराबी के चलते मशीन ठप हो गई, इससे मरीज परेशान रहे। मरीज घंटों मशीन ठीक होने का इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें मायूस होना पड़ा। चार घंटे बाद जिला अस्पताल में मशीन की खराबी को दूर करने के बाद जांच शुरू हो सकी। जिला अस्पताल के माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश ने कहा कि सॉफ्टवेयर अपग्रेड करने के चलते मशीन ने काम नहीं किया। बाद में खराबी को दूर कर मरीजों को राहत पहुंचाई गई।

### अल्मोड़ा में जांची गईं 8502 कॉपियां

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले में तीन केंद्रों में हाईस्कूल और इंटर बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। तीनों केद्रों में 8502 उत्तर पुस्तिकाएं जांचीं गईं। उप नियंत्रक उमेश पांडे ने बताया कि जीजीआईसी अल्मोड़ा में हाईस्कूल की 2942 और इंटर की 1478 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई। मिशन इंटर कॉलेज रानीखेत में हाईस्कूल की 1627 और इंटर की 1191 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। वहीं, जीआईसी चौखुटिया में हाईस्कूल की 1264 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ।

### 33 लाख रुपये के साथ कार सवार तीन लोग पकड़े

**काशीपुर, एजेंसी।** आईटीआई थाना पुलिस टीम ने बुधवार को एक कार से तैतीस लाख रुपये बरामद किए हैं। पकड़े गए तीनों लोगों ने पैसा अपनी कंपनी का बताया जबकि वह इस रकम का कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा सके। सीओ अनुषा बड़ोला ने बताया कि आईटीआई पुलिस को सूचना मिली कि एक काले रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में लाखों की रकम ले जाई जा रही है। इस पर आईजीएल फैक्टरी रोड स्थित दोहरी परसा गुरुद्वारा के पास उत्तराखंड नंबर की कार को रोका जिसमें तीन लोग सवार थे। कार की तलाशी लेने पर डेशबोर्ड से 33,00,000 रुपये बरामद हुए। उन्होंने बताया कि वे सभी सुल्तानपुर पट्टी बाजपुर स्थित एक कंपनी में काम करते हैं और वह पैसा उनकी कंपनी का है जिसे वह जमा करने के लिए जा रहे थे। सीओ ने बताया कि कार सवार तीनों लोग बरामद की गई धनराशि के संबंध में कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा सके। मौके पर इनकम टैक्स की टीम को भी बुलाकर बरामद धनराशि के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। सीओ अनुषा बड़ोला ने बताया कि रकम जब्त कर ली है। इस मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि कार सवार लोगों ने बताया कि चेकिंग के डर से उन्होंने कार के डेशबोर्ड में 30 लाख रुपये रखे थे। इस दौरान बाजपुर से एफएसटी टीम को बुलाया गया और कार से 500 रुपये के कुल 6460 नोट 32,30,000 रुपये, 200 रुपये के 250 नोट 50,00 रुपये, 100 रुपये के 200 नोट 20,000 रुपये कुल 33 लाख रुपये बरामद किए गए।

### पर्यटन विभाग के आंकड़ों में नैनीताल में घट रहे सैलानीं

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल में पर्यटक साल दर साल बढ़ रहे हैं लेकिन पर्यटन विभाग के आंकड़ों में उनकी संख्या घट रही है। जिला पर्यटन विभाग के मुताबिक जिले में 944 होटल, 63 टेंट कॉलोनी, सात धर्मशाला और 957 होम स्टे पंजीकृत हैं। नैनीताल नगर में पर्यटक साल दर साल बढ़ रहे हैं लेकिन पर्यटन विभाग के आंकड़ों में उनकी संख्या घट रही है। पर्यटक बढ़ने पर पर्यटन कारोबारियों का तर्क है कि गैर पंजीकृत होटलों के चलते पर्यटकों की वास्तविक संख्या में घालमेल हो रहा है। साथ ही यह सरकारी राजस्व को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं।

# गुरुद्वारा साहिब के लीची के बाग की 6.51 लाख में हुई नीलामी

**नानकमत्ता, एजेंसी।**
गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के लीची के बाग की नीलामी 6,51,000 रुपये में हुई। आम और अमरूद के बागों की नीलामी टेंडर व बोली में कम आने पर नीलामी रद्द कर दी गई। गुरुद्वारा साहिब के फार्मों में खड़ी गेहूं की कटाई, भूसा बनाई आदि की भी नीलामी हुई।

गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी के महासचिव अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में गुरुद्वारा कार्यालय में आम अमरूद व लीची के बागों की दो वर्षों के लिए नीलामी और 300 एकड़ में लगे गेहूं की कटाई, भूसा बनवाई व गेहूं के अवशेष की नीलामी संपन्न हुई।

नीलामी में बोली लगाने के लिए आसपास के क्षेत्रों के साथ ही यूपी से भी ठेकेदार पहुंचे। चोमेला फार्म स्थित 12 एकड़ लीची के बाग की नीलामी सर्वाधिक बोली 6,51,000 रुपये लगाकर सितारगंज के महासचिव सुरेश ने अपने नाम की। आम और अमरूद के बागों की बोली कम आने पर कमेटी ने नीलामी रद्द कर दी।

गुरुद्वारा साहिब के 300 एकड़ गेहूं की कटाई का ठेका 1250 रुपये प्रति एकड़ प्रतापपुर निवासी अमरजीत सिंह, जसवीर सिंह, बलजीत सिंह, बलविंदर सिंह के नाम छूटा। भूसा का ठेका 1070 रुपये प्रति ट्रॉली पर समाप्त हुआ।

वहां गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव हरभजन सिंह, डायरेक्टर जोगिंदर सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, प्रताप सिंह, गुरदयाल सिंह, प्रभारी प्रबंधक सुखवंत सिंह भुल्लर, रंजीत सिंह ढिल्लों, बलदेव सिंह चीमा आदि थे।

# पिथौरागढ़ के 292 प्राइमरी स्कूलों में टीचरों की कमी, हाईकोर्ट ने धामी सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नैनीताल , एजेंसी।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ के 292 प्राइमरी स्कूलों में अध्यपकों की कमी को लेकर दायर जनहित याचिका पर राज्य सरकार से पूछा है कि ऐसे कितने स्कूल है जिनमें टीचरों की कमी है। हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ के 292 प्राइमरी स्कूलों में अध्यपकों की कमी को लेकर दायर जनहित याचिका पर राज्य सरकार से पूछा है कि ऐसे कितने स्कूल है जिनमें टीचरों की कमी है। ऐसे कितने स्कूल हैं जिनमें छात्र नहीं हैं और ऐसे कितने स्कूल है जिनके भवन जीर्णशीर्ण हालत में है। कोर्ट ने इसकी रिपोर्ट चार सप्ताह के भीतर तलब की है। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र सरकार को भी रिपोर्ट देने के लिए कहा है। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार पिथौरागढ़ निवासी राजेश पांडे ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि पिथौरागढ़ जनपद में 292 ऐसे प्राइमरी स्कूल हैं, जिनमें एक-एक शिक्षक नियुक्त हैं। कुछ स्कूल ऐसे हैं जिनमें छात्रों की संख्या 11, 21, 24 हैं लेकिन उनमें अध्यापक नहीं हैं। कुछ स्कूलों के भवन खस्ताहाल हैं जो कभी भी गिर सकते हैं। याचिका में कहा गया कि सरकार उनके बच्चों के भविष्य से खेल रही है। सरकार ने स्कूल तो खोल दिए लेकिन अध्यापकों की नियुक्ति नहीं की। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति कराई जाए और स्कूल भवनों को सुधारा जाए। सुनवाई पर सरकार की ओर से कहा गया कि जिन स्कूलों में छात्र नही हैं और जिनमें छात्रों की संख्या कम रह गई है उनको दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया गया है।

# केदारनाथ में हुई बर्फबारी, बदरीनाथ में भी तीन फीट बर्फ जमी



**चमोली, एजेंसी।**
केदारनाथ में आए दिन खराब मौसम के कारण धाम में बर्फ सफाई का कार्य प्रभावित हो रहा है।

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में मौसम आज फिर बिगड़ गया। यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। वहीं, केदारनाथ में दोपहर बाद से जमकर बर्फबारी हुई। इससे बर्फ साफ करने का काम प्रभावित हुआ। सुबह मौसम साफ था और धूप निकली थी।

दोपहर तक धाम में चटख धूप के चलते मौसम सुहाना था। लेकिन उसके बाद आसमान में घने बादल छा गए और बर्फबारी हुई। अपराह्न तक धाम में तेज बर्फबारी हुई। इसके बाद बर्फबारी हल्की हो गई। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय झिक्कांण ने बताया कि आए दिन खराब मौसम के कारण धाम में बर्फ सफाई का कार्य प्रभावित हो रहा है।

पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने चारधाम यात्रा के तहत बदरीनाथ धाम का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रा रूट पर संवेदनशील स्थानों को चिह्नित करते हुए पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए। चारधाम यात्रा मई में शुरू हो जाएगी जिसके चलते पुलिस और प्रशासन यात्रा तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था का जायजा लेने बदरीनाथ धाम पहुंचे। धाम में अभी तक बर्फ जमी हुई है।

कई जगह पर दो से तीन फीट बर्फ हुई है। एसपी ने मंदिर की सुरक्षा में तैनात जवानों से हालचाल पूछा। बर्फबारी से क्षतिग्रस्त थाना परिसर और अस्थायी बैरकों की मरम्मत यात्रा शुरू होने से पूर्व करने के निर्देश दिए। इस दौरान गोविंदघाट थानाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद विजल्वाण सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बुर्का पहनकर दुकान में घुसी महिलाएं, दिया अपराध को अंजाम, सीसीटीवी में हुए कैद

**रामनगर, एजेंसी।** मुरादाबाद से बुर्का पहनकर आई महिलाएं चोरी किए गए सामान के साथ पकड़ी गई। महिलाएं बुर्का पहनकर चोरी की घटना को अंजाम देती थी। जिससे किसी को पता नहीं चल पाए। लेकिन सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से महिलाओं की करतूत का पता चल गया। पुलिस ने एक व्यक्ति समेत तीन लोगों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रतीक मित्तल की कसेरा लाइन में दुकान व गोदाम है। प्रतीक के मुताबिक मंगलवार को उनकी दुकान पर काला बुर्का पहनकर महिलाएं खरीदारी को आईं। महिलाओं ने ग्राहक बनकर दुकान से 15 किलो पीतल की परात के कट्टे को बुर्के के अंदर छिपाकर रख लिया। इसके बाद वह अपने साथी बाइक संख्या यूपी 21सीएल 3010 के चालक के साथ सामान को बुर्के के भीतर छिपाकर ले गई। दुकानदार को काफी देर बाद चोरी की जानकारी हुई। कैमरे में महिला चोरी करते हुए देखी गई।



प्रतीक की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद वह दोबारा बाजार में दिखी तो पुलिस को सूचना दी गई गई। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने टीम का गठन किया।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सूचना केक आधार पर काले प्याजो थाना गलसईद मुरादाबाद उप्र. निवासी जराफत पुत्र लियाकत, आशमा पत्नी जरायफत, रोशन पत्नी नासिर को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना अपराध स्वीकार करते हुए आठ पीतल की परात व 13 स्टील की परात बरामद कराई। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त की गई बाइक को भी बरामद कर सीज कर दिया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली के एसएसआइ मनोज नयाल ने बताया कि आरोपित पहली बार रामनगर में पकड़े गए गए हैं।

# बाबा ने जिसे सेवादार के रूप रखा उसने ही हत्यारों का दिया साथ, हर पल की जानकारी मुहैया कराई

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
बाबा तरसेम सिंह ने जिस सेवादार अमनदीप सिंह उर्फ काला को गुरुद्वारे में सेवादार के रूप में रखवाया था, उसने ही सराय में रह रहे हत्यारोपियों को बाबा तरसेम सिंह की दिनचर्या के बारे में पल-पल की जानकारी।

बाबा तरसेम सिंह ने जिस सेवादार अमनदीप सिंह उर्फ काला को गुरुद्वारे में सेवादार के रूप में रखवाया था, उसने ही सराय में रह रहे हत्यारोपियों को बाबा तरसेम सिंह की दिनचर्या के बारे में पल-पल की जानकारी। पुलिस के मुताबिक, दो हत्यारोपियों ने लालच देकर उसे अपने साथ कर लिया था। 28 मार्च को उसने दोनों हत्यारोपियों सर्बजीत और अमरजीत को बाबा तरसेम सिंह की लोकेशन बताई थी।

लोगों ने बताया कि अमनदीप के पिता भी सेवादार



थे। उनकी मृत्यु के बाद बाबा तरसेम सिंह के कहने पर उसको भी सेवादार के रूप में रखा गया था। लेकिन उसने अहसान मानने के बजाय बाबा तरसेम सिंह की हत्या के षडयंत्र में शामिल होकर इंसानियत को शर्मसार कर दिया।

बाबा तरसेम सिंह की हत्या की साजिश यूपी से रची गई थी। बृहस्पतिवार को हत्या के षडयंत्र के आरोप में पकड़े गए चार अभियुक्ततों में से तीन दिलबाग सिंह, बलकार सिंह और हरमिंदर यूपी के शाहजहांपुर और पीलीभीत जिले के रहने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, फरार दोनों मुख्य हत्यारोपी सर्बजीत सिंह और अमरजीत सिंह नानकमत्ता आने से पहले 14 मार्च से शाहजहांपुर व आसपास के क्षेत्र में थे। जबकि चौथा आरोपी गुरुद्वारे का सेवादार है। हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है कि हत्याकांड का षडयंत्र रचने वाले कुछ लोग ऊधम सिंह नगर जिले से भी हो सकते हैं। जिसकी जांच की जा रही है।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में फरार हत्यारोपियों सर्बजीत सिंह और अमरजीत सिंह पर 50-50 लाख रुपये का ईनाम रखा गया है। जिसे बढ़ाकर शीघ्र ही एक लाख रुपये कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हत्यारोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार जुटी हुई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गौशाला में चल रही है बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

महनार। पिछले 50 वर्षों से महनार में बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौशाला में चल रही है और इस कारण गौशाला का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। वर्ष 1980 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर ने संगत मठ की भूमि पर विद्यालय के भवन का शिलान्यास किया था एवं शर्त यह था कि यदि 20 साल के अंदर भवन निर्माण हुआ तो ठीक है अन्यथा इसके बाद यह भू खण्ड पुनः मठ के नाम वापस हो जाएगा एवं इस प्रकार 2000 में यह जमीन मठ का हो गया क्योंकि इस 20 साल में भवन निर्माण तो दूर एक ईंट भी नही जुड़ सका। शिलान्यास के समय ही तत्कालिक तौर पर पटेल चौक स्थित गौशाला में बालिका उच्च विद्यालय खोल दिया गया जो अभी बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कहलाता है । यहाँ विद्यालय संचालन होने से धीरे धीरे गौशाला की अस्तित्व यहां से समाप्त हो गई। आज भी पुराने लोग इस गौशाला को जानते है इसलिए इस स्थान को गौ लक्ष्मी के नाम से जानते है किंतु न यहां गाय है और न ही उसके रखवाले।

# बीस साल से नही आया नागी नकटी के ब्रांच केनाल संख्या 1,2 एवं 3 में एक बून्द भी पानी

## मरमम्ती के नाम पर पानी की तरह बहा पैसा ,फिर भी सूखे केनाल को देख कृषक हो रहे पानी पानी

- प्रखंड भर के कृषक 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में ये है प्रमुख मुद्दा

प्रात: किरण, संवाददाता,
संजय मंडल



गिद्धौर/जमुई जिले के महत्वपुर्ण नागी एवं नकटी जलाशय योजना के जिनोर्धार कार्यो मे वर्ष 2004 से नागी जलाशय योजना के ब्रांच केनाल संख्या 1; 2; 3; 4 का सिचाई विभाग के सिचाई प्रमंडल संख्या दो झाझा के द्वारा गिद्धौर प्रखंड के किसानो की भुमि को सिंचित करने के लिये वर्ष 2004 से लगातार वर्ष 2023 तक करोडो रुपये खर्च तो जरूर किये गये है ।लेकिन जिनोर्धार कार्य के नाम पर स्थानिय जनप्रतिनिधियों विभागिय अभियंताओं एवं ठेकेदारो द्वारा जिस तरह से आज तक मरम्मती के नाम पर करोड़ो रुपये की राशि का आपस मे बंदर बांट कर लिया जाता रहा है। उसका कोई दुसरा उदाहरन नही हो सकता। बताते चले की वर्ष 2014 एवं 2015 मे नागी नहर के केनाल संख्या -1, 2 ,3 के जिनोर्धार हेतु सरकार के द्वारा लगभग 3.5 करोड रुपये आवंटित किये गये ।लेकिन सिचाई विभाग के अभियंताओं व राजनितिक रसुख रखने वाले संवेदकों के मिली भगत से यह योजना पुनः शुभ लाभ की योजना बन कर रह गई थी। लिहाजा इस प्रखंड के कृषक केनाल संख्या -2,3 एवं 4 से धान एवं गेहूं फसल उपजाने के लिये तक पानी आने का इंतजार लगभग बीस साल से कर रहे है ।तो इस बार प्रखंड भर के कृषक इसे लोकसभा चुनावी मुद्दा बना वोट उसे ही करेंगे जो इस महत्व पूर्ण केनाल में पानी धार लाने में सक्षम होंगे। कहते है किसान प्रखंड के कृषक किशोरी यादव,श्रवण यादव,रंजीत कुमार,बिनोद यादव,शुखो रावत,जयकिशोर,सुनिल कुमार,मनोज यादव,दीपक यादव,महेश रावत,भोला यादव,राजीव साह,अभिषेक कुमार,पप्पू चौरसिया,अरविंद सिंह,नरेश यादव सहित दर्जनों कृषक बताते है की वर्ष 1978 से 1982 तक नागी एवं नकटी जलाशय योजना के केनाल संख्या 1, 2 एवं 3 से प्रखंड के अलावे अन्य इलाकों के सैंकड़ों कृषकों का लगभग दस हजार एकड भुमि का पटवन हुआ करता था। लेकिन समुचित मरम्मत एवं सिचाई विभाग के अभियंताओं की उदासिनता के कारन यह योजना लुट खसोट का जरिया बन कर रह गया है। उनोह्वे बताया की पिछले वर्ष पूर्व भी केनाल मरम्मती के नाम पर लाखों रुपये खर्च किये गये। लेकिन न तो केनाल मे बने पक्का इसट्रकचर का जिनोर्धार ही किया जा सका है न ही प्रखंड के किसानो को खेत सिचाई के लिये आज तक एक बुंद पानी ही इस केनाल के द्वारा खेतो तक पहूंच सका है ।कृषकों ने बताया की पटवन की इस विकट समस्या व केनाल चालु करवाने को लेकर हम कृषकों ने वर्तमान सांसद से कई वार गुहार लगाई है। पर आज तक इस ओर ध्यान नही दिया गया ।जिससे इस इलाके के सैंकड़ों किसान कृषी रोजगार छोड कर अन्य प्रदेशों मे पानी पटवन के आभाव मे रोजी रोटी के जुगत पलायन कर चुके है। जिसकी सुधि आज तक न तो वर्तमान सरकार ने ली है न ही सरकारी तंत्र में बैठे किसी बाबुओं ने ही ली है ।लिहाजा इस बार 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में हम कृषकों का यह प्रमुख मुद्दा है।

# शिक्षण लेने आये शिक्षकों को नही मिल रहा है शुद्ध भोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

कुक के रवैया से शिक्षक काफी नाराज,हैडवास,साबुन आदि का नही है सुबिधा। शेरघाटी ।शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय शेरघाटी में सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों में व्यवस्था को लेकर आक्रोश है। शुक्रवार को शिक्षकों ने बासी सब्जी नाश्ता में पारोसे जाने के बाद आक्रोशित हो गए और प्रबंधन के खिलाफ पत्रकारों के समक्ष अपनी पीड़ा सुनाया। पटना धनरूआ से आए शिक्षक सुमंत कुमार सिंह ने कहा कि हम शिक्षकों को स्वच्छता के लिए शौच से पहले और शौच के बाद साबुन या डिटर्जेंट पाउडर से हाथ धुलने को सिखलाया जाता है। यहां हाथ धुलने के लिए डिटर्जेंट पाउडर तक नहीं है। नाश्ता और भोजन घटिया तरीके का दिया जा रहा है। टंकी में संग्रह जल को पीने के उपयोग में लाया जा रहा है ।जिससे समस्या हो रही है नाश्ता भोजन और रात्रि में खाना के अलावा एक चाय भी नहीं दी जाती है। यहां के प्रबंधन दबंगता पूर्ण तरीके से शिक्षकों से व्यवहार कर रहे हैं। शिक्षकों को शिकायत करने पर प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने की धमकी दी जाती है। यह मामला एक बार की नही बल्कि ट्रेनिग में आरहे कई जिलों के शिक्षकों को यह मुश्किल का सामना करना पड़ता है। इधर ट्रेनिंग में आये शिक्षकों ने बताया कि खाना बनाने वाला कुक से कहा जाता है,तो अभद्रता से बात करता है,और कहता कहि खाना है तो खाइये नही तो जाइये। इस बात को लेकर हम सभी शिक्षकों में काफी आक्रोश है और लगातार हो रहे इस प्रकार के घटना से ट्रेनिंग कर लौट रहे शिक्षकों ने भी काफी समस्या सुनाया था, इधर इस संबंध में बातचीत के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य हेमा कुमारी ने बताया कि इस तरह का कोई मामला नहीं है, थोड़ी सी समस्या आई थी जिसको सुधार कर ली गई है उन्होंने कहा कि पत्राचार के माध्यम से कुक को बदलने की बात की गई है, जो 1 से 2 दिन में वह भी समस्या का समाधान हो जाएगा।

# देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन का लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुई बैठक, लिए गए कई निर्णय, बनायी चुनावी रणनीति




प्रात: किरण, संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन का बैठक संपर्क कार्यालय में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुई, जिसकी अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में एक नए समाज का निर्माण करने व व्यवस्था परिवर्तन करने, समाज, देश व क्षेत्र हित के लिए कौन सी गठबंधन, पार्टी, उम्मीदवार उपयुक्त होगा ? उक्त विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया। श्री यादव ने कहा कि जो उम्मीदवार अपने चुनावी घोषणा पत्र में देश संविधान लोकतंत्र एकता अखंडता संप्रभुता आपसी प्रेम भाईचारा इंद्रधनुषी तहजीब को बचाने की बात करेगा, जो उम्मीदवार शिक्षा रोजगार की बात करेगा, किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाएं सर्वहारा कमेरा आम जनहित एवं गांव, समाज, क्षेत्र, देश हित का बात करेगा । जो उम्मीदवार फरकिया खगड़िया का सर्वांगीण विकास करने, मक्का दूध केला आधारित फैक्ट्री का निर्माण करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने, गरीब किसान मजदूर का सभी प्रकार का लोन माफ करने, वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 6000 रुपए मासिक करवाने, सरकार के सभी योजनाओं को धरातल पर लागू करबाने, भ्रष्टाचार महंगाई निजीकरण बेरोजगारी अन्याय अत्याचार शोषण दमन पर रोक लगाने, धार्मिक उन्माद नफरत सामाजिक बुराई कुरीतियों को को मिटाने एवं महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की बात करेगा। जो उम्मीदवार आशा ममता फेसीलेटर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका रसोइया संविदाकर्मियों का सवाल लोकसभा के सदन में उठाने की बात करेगा, चुनावी घोषणा पत्र में दर्ज करेगा, वो खगड़िया एवं केंद्र में राज करेगा, नारों को बुलंद करते हुए वैसे उम्मीदवार को समर्थन सहयोग करने, जीताने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में अभियान के उपाध्यक्ष डॉ कमल किशोर यादव, सचिव धर्मेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, संयुक्त सचिव राम सुचित पासवान, सह सचिव कालेश्वर ठाकुर, मंचन यादव, फरकिया मिशन के महासचिव दिनेश शाह, मधुबाला, प्रवक्ता मुरली रविदास, मनोज कुमार मोहम्मद सुहेल आदि ने भाग लिया।

# सड़क बनाने के विरोध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखा पत्र

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर /जमुई प्रखंड के कोल्हुआ पंचायत के खड़हुआ गांव में सड़क निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया ।जिसे लेकर एक पक्ष के विपिन कुमार साव,गिरिश साव,गोपाल साव,गोवर्धन साव,बजरंगी साव,सुरेन्द्र साव,ब्रहमदेव सहित अन्य लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर को शिकायत पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत पत्र में विपिन साव ने लिखा कि मेरे पिताजी 6 भाई हैं गिरीश साव, गोपाल साव, गोवर्धन साव, बजरंगी साव, सुरेंद्र साव, ब्रह्मदेव साव जिसमें की गोपाल साव के द्वारा गोवर्धन साव का घर बनवाने के लिए आगे में जमीन दिया गया ताकि भविष्य में हम लोगों को पीछे में रास्ता मिलेगा। परंतु आज गुरुवार को गोवर्धन साव का पुत्र राज कपूर साव एवं सदानंद साव धमकी और गाली गलौज करता है। गोवर्धन साव घर के पीछे गोपाल साव,बजरंगी साव, गिरीश साव का जमीन है, जिसमें सभी लोग विरोध कर रहे हैं। वही इसे लेकर गुरुवार को जब गोपाल साव रास्ता मांगने की बात कही तो गोवर्धन साव के पुत्र राजकपूर साव के द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे ।आगे उन्होंने बताया कि इस अवैध रास्ता निर्माण में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल है। इसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# सम्मान-समारोह एवं प्रेरणा-सत्र का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा हमें अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। सफलता सिर्फ मनोरथ करने से नहीं, बल्कि उद्यम करने से मिलती है। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी ने कही। वे शुक्रवार को मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र द्वारा आयोजित सम्मान-समारोह एवं प्रेरणा-सत्र में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम केंद्र में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे प्रो. राजकुमार सिंह एवं प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी के सम्मानार्थ और केंद्र में नामांकित विद्यार्थियों को उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि कर्म करना हमारे वश में है, लेकिन उसका फल हमारे वश में नहीं है। इसलिए हमें निष्कामभाव से अपने कर्म-पथ पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने विषय से प्रेम करें और उसमें विशेषज्ञता हासिल करें।

स्वयं ज्ञान एवं कौशल अर्जित करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पूर्व डीएसडब्ल्यू प्रो. राजकुमार सिंह ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए प्रेरणा एवं अनुशासन की जरूरत होती है। यदि अनुशासन नहीं हो, तो प्रेरणा ज्यादा दिनों तक नहीं टिकती है। इसके विपरित यदि लंबे समय तक अनुशासित होकर कार्य किया जाता है, तो कार्य करने की प्रेरणा हमेशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के सौजन्य से इस केंद्र में विद्यार्थियों को निः शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन मिल रहा है। सभी विद्यार्थी पूरे लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करें और केंद्र में मौजूद सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। यदि आप सफल होंगे, तो वह दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विकास पदाधिकारी प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने कहा प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी एवं प्रो. राजकुमार सिंह दोनों आदर्श शिक्षक हैं। हम सबों को इनके विचारों एवं कार्यों से प्रेरणा मिलती है।

इस केंद्र के विद्यार्थियों का सौभाग्य है कि उन्हें इतने वरिष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन मिल रहा है। इस अवसर अतिथियों का स्वागत करते हुए एम. एड. विभाग के शिक्षक डॉ. एस. पी. सिंह ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा बीएनएमयू में मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र की शुरूआत की गई है। केंद्र में विद्यार्थियों को इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएचडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था है। इसमें प्रायः युवा शिक्षक कक्षाएं ले रहे हैं, लेकिन कुछ वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा भी समय-समय पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। डॉ. फिरोज अहमद मंसूरी ने कहा कि आज सम्मानित होने वाले शिक्षकों के कार्य एवं व्यवहार हम सबों के लिए प्रेरक हैं। यह खुशी की बात है कि इस केंद्र के विद्यार्थियों को इसके अनुभवों का लाभ मिल रहा है। डॉ. पी. के. पाल ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करने में मील का पत्थर साबित होगा, जो उनकी सफलता का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यदि कोई व्यक्ति सचमुच अभिप्रेरित है और कठिन परिश्रम करने को तैयार है, तो उसको लक्ष्य प्राप्त करने से कोई भी नहीं रोक सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि शिक्षकों की समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महती भूमिका है। विकसित भारत के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अच्छी तरह शिक्षित, प्रशिक्षित एवं दीक्षित लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एम. एड. विभागाध्यक्ष डॉ. सी. डी. यादव ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि आज सम्मानित होने वाले दोनों शिक्षकों की इस केंद्र के विकास में महती भूमिका है। उन्हें विश्वास है कि आगे भी केंद्र के विद्यार्थियों को दोनों वरिष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन मीलैगा। इससे विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी और विश्वविद्यालय का नाम रौशन होगा। इसके पूर्व अतिथियों को अंगवस्त्रम्, पौधा एवं केंद्र द्वारा प्रकाशित डायरी देकर सम्मानित किया गया।

# अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्वक एवं बड़े अदबो एहतराम के साथ पढ़ा



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। हर साल की तरह माह रमजान का आखरी जुमा अलविदा जुमा की नमाज आज 5 अप्रैल को शांतिपूर्वक एवं बड़े अदबो एहतराम के साथ पढ़ा गया। अब मुसलमानों का सबसे बड़ा पाक त्योहार ईदुल फित्र की तैयारियां पूरे सम्मान वो हर्षोउल्लास के साथ मनाने को लेकर शहीद-ए-आजम कमिटी वैशाली के संयोजक-सचिव मो०नसीमअहमद साथ मो०हारून रशीद, मो० दानिस रजा,, हाजी डॉक्टर अनवर आलम सहाब, अख़्तर रजा गुड्डू, मो० आरजू , ओवैदुर रहमान, आरिफ कुरैशी इत्तेयदी ने सामने महा पर्व लोकसभा चुनावों ह्लमतदानह्व के मद्देनजर सभी रोजादारो से नम्रता पूर्वक अपील करते हुए कहा कि हमें अपने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के हुस्नो-एखलाक और सदियों पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब को ध्यान में रखते हुए एकता-भाईचारा को कायम रखकर अल्लाह की रजा के खातिर तीस रोजे रखने का बदला ह्लवादेह्व के मुताबिक खुशियों से भरा इनाम महा पर्व ईदुल फित्र का त्योहार आप्सी भेदभाव को दिल से भुला कर खुशी के साथ मनाना है। ऐसे खुशी बाँटने वाले ईद के त्योहार को आप्सी सौहार्द पूर्वक मनाने हेतु हर चौक-चौराहों, मस्जिद, ईदगाहों के इर्द-गिर्द जिला प्रशासन द्वारा ईद की नमाज बिना परेशानी सम्पन्न कराने हेतु चौकसी बरते जाने का भरपूर इन्तेजाम किया है, नगर परिषद भी जगह-जगह साफ सफाई इत्तेयदी का भरोसा जताया है। पुनः जिला सचिव नसीमअहमद, डॉक्टर अनवरआलम इत्तेयदी ने जिला वासियों से ईद मुबारक को सौहार्द पूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर प्रेम-भाव के साथ मनाने का आग्रह किया है।

# ईद के अलविदा जुमा की नवाज अदा किया रोजेदारों ने

प्रात: किरण संवाददाता



कुमारखंड (मधेपुरा) रमजानूल मुबारक की आखरी जुमाआ अलविदा की नमाज कुमारखंड प्रखंड के सभी मस्जिदों में अकीदतमंदो ने नमाज अदा कर मुल्क की अमन चैन और आपसी भाईचारे के साथ रहने की दुआ मांगी। प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मस्जिदों मसलन विशनपुर बाजार,पुरैनी,पोखरिया,रामनगर महेश, सिकरहटी, मंगरवारा, कुमारखंड, बेला,भतनी, रौता, लक्ष्मीपुर भगवती आदि मस्जिदों में रोजेदारों ने अलविदा जुमआ की नमाज अदा किया। मुस्लिम भाइयों ने मुल्क की अमन चैन, देश की तरक्की और आपसी भाईचारगी की दुआ मांगी। बच्चे ,बूढ़े, घर में और औरतों ने भी अलविदा जुमे की नमाज अदा किया। साथ ही गुनाहों से बचने के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। सुबह से ही मुस्लिम मोहल्ले में साफ सफाई के साथ स्नान कर नए कपड़े पहनकर खुशबू, इतर लगाकर मस्जिदों में 12 बजे दोपहर की आजान से पहले मस्जिदों में पहुंच गए। मस्जिदों में मुस्लिम भाइयो की भीड़ जुटने लगभग आजान के बाद पूरा मस्जिद नमाजियों से खचाखच भर गया। जामा मस्जिद सिकरहटी के शाही इमाम कारी फजलुर रहमान ने कहा बताया कि रमजान की आखिरी जुम्मा को अलविदा कहा जाता है। अलविदा का मतलब विदा होना है। रमजान की सभी जुम्मा में सबसे महत्व अलविदा जुमा को कहा गया है। जो ईमान वाले पहले मस्जिद पहुचते उसे ज्यादा सवाब मिलता है। रमजान माह की 21, 23, 25 ,27, 29 की रातों को शबे ए कद्र की रात कहा जाता है यह रात तमाम रातों से बेहतर रात माना गया है। इस रात में जो भी ईमान वाले रात में जग कर इबादत करते हैं। नमाज पढ़ना, कुरआन पढ़ना, अल्लाह का जिक्र करना, दुआ मांगना अल्लाह अपने खास फरिश्तों को भेजते हैं देखो मेरे इबादत में कौन-कौन बंदा अपने मगफिरत की दुआ मांगते हैं। उस बंदे की सभी गुनाहों को माफ कर देते है। अल्लाह उस वक्त ईमान वाले बंदों के बहुत करीब होता है जब ईमान वाले के करीब होता है तो सभी जायज मांगी हुई दुआ अल्लाह कुबूल करते हैं। वलमा ए कराम ने कहा रोजा में पूरे एहतराम के साथ अदा करना ही रोजा है रमजान माह की अहमियत व फजीलत पर रौशनी डालते हुए कहा कि रोजा रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करना हर बुराई से परहेज रहना रमजान की पूरे माह इबादत में मशगूल रहना रोजेदार तरावीह की नमाज अदा करना ये सभी फजीलत बयान किये। ईमानवाले के लिए रमजान माह का 30 रोजा रखना ईमानवाले के लिए अल्लाह ने बंदे को तीन चीजो से नवाजा है ईमानवाले पर पहला रहमत नाजिल होता है। दूसरा गुनाहों से छुटकारा होता है। तीसरा जहन्नम की आग से छुटकारा मिलता है। इस माह में अल्लाह इमान वालों के लिए जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं । रमजान महीने के आखिरी अशरा यानी 10 रोजा बचने के बाद एतकाफ में अकीदतमंद मस्जिद में रहकर इबादत के साथ आवाम के लिए दुआ ए मगफिरत करते हैं । ईद की नमाज से पहले हर मुसलमान को सुबह सादिक से पहले फितरा, सदका साहिबे निसाब के ऊपर देना वाजिब है। जो नहीं निकालते हैं वह गुनहगार होते हैं जिसके पास साढे 52 तोला चांदी, साढे 7 तोला सोना के बराबर दौलत है उसे फितरा, जकात निकालना जरूरी है। सदका निकालना से हर ईमान वाले की जान माल की हिफाजत अल्लाह करते हैं। सदका, जकात, फितरा को यतीम, गरीब, मिस्कीन लोगो के बीच बांटना हर मुसलाना के लिए वाजिब माना गया है। रमजान उल मुबारक की आखिरी जुमआ अलविदा में युवा, बच्चे, बुजुर्ग में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला। सभी मस्जिदों में सैकड़ों अकीदमंद ने नमाज अदा कर अल्लाह से दुआ मांगी। ईद का त्योहार शनिवार को होगा।

## फांसी लगाकर आत्महत्या



प्रात: किरण संवाददाता

वैशाली । वैशाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरना वार्ड नम्बर02 के पचास वर्ष केअरुण पांडेय ने गतरात्रि अपने घर में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि खबर मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है ।घटना की जांच की जा रही है ।मृतक कपड़ा बेचने का का काम करता था ।घर पर छोटी सी दुकान के साथ फेरी लगाकर भी कपड़ा बेचने का काम करता था । पत्नी बच्चे सभी रिश्तेदार के यहां गए थे रात्रि में वह घर में अकेले था ।परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है ।

# बिहार में होगी नदियों की पढ़ाई व शोध : डॉ सत्येंद्र

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्याल पटना में सेंटर फॉर रिवर स्टडी में एमएससी, एमटेक एवम पीएचडी का नया पाठ्यक्रम शुरू होगी। कुलपति प्रोफेसर शरद कुमार यादव की अध्यक्षता में नदी अध्ययन केंद्र के एकेडमिक सलाहकार समिति की पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया। एकेडमिक सलाहकार के रूप में हाजीपुर एस एन एस कॉलेज के जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष व मैन ऑफ वेटलैंड डॉ सत्येंद्र कुमार सहित नालंदा विश्वविद्यालय पटना के पूर्व कुलपति डॉल्फिन मैन पद्मश्री रविंद्र कुमार सिन्हा, इंस्टिट्यूट ऑफ मखाना, भारत सरकार के पूर्व निदेशक मैन ऑफ मखाना डॉ जनार्दन जी, एन आई टी पटना के प्रो विवेकानंद सिंह, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के पूर्व डायरेक्टर एवं इंडियन डॉल्फिन रिसर्च सेंटर के अंतरिम डायरेक्टर डॉ गोपाल शर्मा, एन आई टी के डॉ संजय कुमार ने बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद डॉ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि नदी अध्ययन केंद्र के बैठक में निर्णय लिया गया की नदी अध्ययन केंद्र का नया नाम स्कूल ऑफ रिवर स्टडीज होगा। बैठक में नदी मॉडलिंग, रिमोट सेंसिंग और जी आई एस एवं जल गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला की भी स्थापना कराए जाने की सलाह समिति द्वारा की गई। केंद्र को उत्कृष्ट बनाने के संदर्भ में एकेडमिक समिति की ओर से विस्तृत चर्चा की गई।

# जिलाधिकारी व आरक्षी अधीक्षक द्वारा वीवीपैट और ईवीएम वेयरहाऊस का किया संयुक्त निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता




हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री हरकिशोर राय द्वारा आज हरिवंशपुर स्थित वीवीपैट / ईवीएम, वेयरहाऊस का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया और संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिये गये। वेयर हाऊस तक पहुँच पथ को दो दिन के भीतर तैयार कर लेने का निदेश ग्रामीण कार्य प्रमंडल को दिया गया। पुलिस बलों के आवासन, किचेन आदि की व्यवस्था आज शाम तक ही सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। भवन के बाहर और भीतर सभी तल पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगाने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन को निदेश दिया गया कि वेयर हाऊस में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस कर्मियों का मेडिकल चेकअप करा लें। अग्निशामक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अग्नि सुरक्षा के सारे इंतजाम सुनिश्चित कर लें। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि वेयर हाऊस परिसर और इसके चारों ओर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें और बिजली कटने पर तुरंत जनरेटर चलायें। पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वेयर हाऊस गेट पर वॉच टॉवर लगाया जाये। उप निर्वाचन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि ईवीएम, वेयरहाऊस का इनवेन्टरी तैयार कर लें एवं परिसर पर प्रवेश करने वाले व्यक्ति के नाम की इंट्री रजिस्टर में निश्चित रूप से करें। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, ईवीएम वेयर हाऊस प्रभारी पदाधिकारी, अग्निशमन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, ईवीएम कोषांग, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, डीपीआरओ आदि मौजूद थे।

# युवाओं के सम्मान और स्वाभिमान का ख्याल रखती युवा राजद : अनिता

प्रात: किरण संवाददाता



घैलाढ अनिता कुमारी जिलाध्यक्ष युवा राष्ट्रीय जनता दल मधेपुरा के द्वारा प्रखंड राजद कार्यालय मधेपुरा में आयोजित संगठन विस्तार कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवाओं में ऊर्जा का असीम भंडार होता है, उस ऊर्जा को युवा राष्ट्रीय जनता दल के सान्निध्य में सामाजिक उत्थान उत्थान के प्रति लगाने में हम संकल्पित हैं। अनिता ने कहा हमें गर्व है हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव पर जो आजीवन देश विरोधी मनुवादी सामंती ताकतों से गरीबों, शोषितों पीड़ितों, दलितों, वंचितों एवं पिछड़ों के हक-हकूक की लड़ाई लड़े। हमें फक्र है देश के सबसे लोकप्रिय युवा नेताओं में अग्रणी तेजस्वी प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संजीव कुमार जिला प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता युवा राजद मधेपुरा ने कहा कि भ्रष्टाचार जमात पार्टी अर्थात भाजपा एनडीए के लोग एक बार फिर से देश के युवाओं, गरीब-मजदूर किसान भाइयों तथा आधी आबादी हमारी माता-बहनों को जुमला परोस कर सत्ता को हथियाने के फिराक में है। 10 साल के शासनकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने देश में किस प्रकार भीषण महँगाई, बेरोजगारी, तानाशाही, अफसरशाही एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। लोगों का जीना दूभर हो गया है, इसलिए लोकतंत्र, संविधान और देश बचाने, गरीबी मिटाने तथा अमन चैन लाने वाली 2024 के इस लोक सभा चुनाव में हम युवाओं की ज़िम्मेदारी बहुत बड़ी है। एक-एक नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनजागरण में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दें। जिला अध्यक्ष द्वारा नव मनोनीत पदाधिकारी-ललित कुमार जिला उपाध्यक्ष, मुकेश यादव जिला महासचिव, राजा कुमार प्रखंड उपाध्यक्ष, नितेश कुमार प्रखंड उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार प्रखंड महासचिव, सन्तोष कुमार पंचायत अध्यक्ष साहुगढ 1 कार्यक्रम में उपस्थित रीतेश कुमार यादव प्रदेश सचिव, मंजेश यादव प्रखंड अध्यक्ष, राकेश यादव प्रखंड प्रधान महासचिव, विकास विवेक जिला उपाध्यक्ष, डेविड किंग नगर अध्यक्ष छात्र राजद, अमित कुमार, सतीश कुमार,विकास कुमार मृत्युंजय कुमार, आशीष कुमार, शक्ति कुमार आदि ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारी को माला एवं गमछा भेंट कर बधाई एवं शुभकामना दिए। सभी से अनुशासन एवं संगठित होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का अपील किया ।

सम्पादकीय

# जब बेनीपुरी जी ने बैलगाड़ी से किया था अपना चुनाव प्रचार



ब्रह्मानन्द ठाकुर

मुजफ्फरपुर। प्रखर समाजवादी ,लेखक,पत्रकार रामवृक्ष बेनीपुरी अपने जीवन काल में सोशलिस्ट पार्टी उम्मीदवार के रूप में अपने गृह क्षेत्र कटरा विधानसभा सीट से 1952और 1957 में दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ा था। 1952का चुनाव वे हार गये जबकि 1957 में वे कांग्रेस प्रत्याशी से 2640 मतों से चुनाव जीत गये थे।

अपने उस चुनाव प्रचार के बारे में बेनीपुरी जी अपने डायरी के पन्ने मे लिखते हैं, एक सज्जन ने चुनाव -भर के लिए मोटर देने की बात कही थी।शुरू में ही वह मुकर गया। बड़ी चोट लगी। तुरंत तय किया , बैलगाड़ी से ही चुनाव लड़ूंगा। एक मित्र ने हाथी दे दिया था।बस , पूरी लड़ाई बैलगाड़ी और हाथी पर ही लड़ ली गई। बेनीपुरी जी के चुनाव क्षेत्र में पौने दो सौ गांव थे। उनका मानना था कि चुनाव में जनसमपर्क का बड़ा अच्छा प्रभाव पड़ता है।

बेनीपुरी जी आगे लिखते हैं, मोटर नहीं रखकर मैंने कितना अच्छा किया। इन दो सवारियों ( बैलगाड़ी और हाथी )से बेनीपुरी जी ने अपने चुनाव क्षेत्र के पौने दो सौ गांव और टोलों में लोगोंसे अच्छा जनसंपर्क कायम कर लिया। लोगों से अपनापन महसूस किया। वे लोगों से कहते, पिछला चुनाव मैंने हवा गाड़ी पर लगा, इसलिए हवा में ही रह गया। इसबार मैंने जमीन पकड़ी है। कौन पैर उखाड़ सकेगा मेरा?

चुनाव प्रचार के वास्ते खुद के लिए बैलगाड़ी और कार्यकताओं के लिए बेनीपुरी जी ने साईकिल का इंतजाम किया। वे लिखते हैं, छः-सात सौ रुपये देहात के मित्रों से लेकर 30 साईकिल की मरम्मत करा दी।ये 30 कार्यकर्ता जिस ओर चलते ,गांव -गांव से साइकिलों का तांता लग जाता। दो सौ साइकिलें दौडा करतीं। बेनीपुरी जी खुद प्रतिदिन 5-7मील पैदल चलकर मतदाताओं से सम्पर्क करते थे। जिस दौर में बेनीपुरी जी चुनाव लड रहे थे,उस समय की वोटिंग प्रक्रिया आज जैसी नहीं थी। वोटिंग दो -दो,तीन-तीन महीने तक होता था। तब स्थाई मतदान केंद्र भी नहीं होते थे। मत पेटी होती थी। जितने प्रत्याशी ,उतनी मतपेटी। मत पेंटी पर प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह चिपकाया हुआ रहता था। मतदान कर्मी मतपेटियों के साथ गांव में जाते।एक जगह ठहरते और मतदाता अपने पसंद के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह वाले बक्से में अपना वोट डाल देते थे। इसके बाद मतदान कर्मी बक्सा लेकर वापस लौट जाते। फिर दूसरे दिन दूसरे गांव में वोटिंग होती थी। मतदान प्रक्रिया लम्बी होने के कारण प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के लिए काफी समय मिल जाता था। बेनीपुरी जी लिखते हैं, चुनाव प्रचार का हमारा ठाठ बड़ा निराला था। जहां जाते , बैलगाड़ी पर सारा सामान लादे जाते थे। किसी का टूटा -फूटा दालान ले लिया,फर्श लग गई,स्टोव जल उठा, चाय बनने लगी, चुल्हा जला ,हंडा चढ़ा। खाइए ,पीजिए। बीच में हंसी -दिलगी ,गाना -बजाना । बेनीपुरी राजा की तरह। लड़ें और राजा की तरह चुनाव जीत भी गये। उनको जमानत का 250 रुपया भी हाथ-हथफेर से जुटाना पड़ा था जबकि 1952 के चुनाव में बेनीपुरी जी को नगद 5 हजार और 25- 30मन चावल खर्च करने पड़े थे।

# कांग्रेस का बोझ हल्का हुआ

मुक्केबाज विजेंद्र सिंह, अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ और पूर्व पत्रकार एवं राजनेता संजय निरूपम, ये तीन नाम बुधवार से लेकर गुरुवार तक चर्चा में छाए रहे। इस चर्चा के पीछे कारण एक ही है कि तीनों ने कांग्रेस छोड़ दी है। चुनाव के वक्त दल-बदल अब आम बात हो गई है। इसलिए इन तीन लोगों का एक पार्टी को छोड़ना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात यह है कि इन लोगों ने कांग्रेस को छोड़ते वक्त जो तर्क दिए, वो बेहद कमजोर हैं। विजेंद्र सिंह भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ मूंछों पर ताव देकर कदमताल करते दिखे थे। वे लगातार राहुल गांधी को समर्थन वाले ट्वीट किया करते थे और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की तीखी आलोचना किया करते थे। 2019 में विजेंद्र सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी और उन्हें दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया था, जहां वे चुनाव हार गए थे। फिर भी कांग्रेस में उन्हें सम्मान के साथ जगह मिली रही। मंगलवार तक भाजपा की खिल्ली उड़ाने वाले ट्वीट विजेंद्र कर रहे थे और कुछ घंटों बाद बुधवार को उन्होंने भाजपा का भगवा गमछा अपने गले में डलवा लिया। इसके बाद एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं सो गया और जब सुबह उठा तो मेरे को लगा कि गलत प्लेटफॉर्म पर हूं।

भारतीय जनता पार्टी में आइए और यहां से सही दिशा में जाएंगे। उनके इस बयान का अब खूब मजाक भी उड़ रहा है कि सोकर उठने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि वे गलत पार्टी में हैं। लेकिन यहां मजाक से परे एक गंभीर सवाल यह है कि चार साल तक जिन्हें भाजपा सरकार की गलतियां नजर आती रहीं, एक रात में ऐसा क्या हुआ कि विजेंद्र सिंह ने पाला बदल लिया। विजेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं और जब महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके लिए इंसाफ की मांग विजेंद्र सिंह ने भी की। लेकिन अब भाजपा में जाने के बाद विजेंद्र सिंह का मानना है कि भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान-सम्मान मोदी सरकार में आने के बाद मिला है। विजेंद्र सिंह सोकर उठते ही भाजपा में नहीं गए, बल्कि उनके विचार भी रातों-रात बदल गए।

वैचारिक बदलाव का ऐसा ही उदाहरण गुरुवार को भी सामने आया, जब अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पार्टी की सदस्यता छोड़ी और कुछ घंटों में भाजपा के मुख्यालय जाकर भगवा गमछा गले में धारण कर लिया। विजेंद्र सिंह की तरह ही संसद में जाने की नाकाम कोशिश गौरव वल्लभ कर चुके हैं। एक नहीं दो बार दो राज्यों से कांग्रेस ने उन्हें मौके दिए, लेकिन वे सफल नहीं हुए।

गौरव वल्लभ की कांग्रेस में रहते हुए एक बड़ी उपलब्धि यही रही कि एक ट्रिलियन में कितने शून्य होते हैं, इस सवाल पर उन्होंने भाजपा को बुरी तरह घेरा था। इस सवाल के कारण गौरव वल्लभ खूब सुर्खियों में आए और इसके बाद चैनलों की कई बहसों में उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता के तौर पर मजबूती से पक्ष रखा। कुछ वक्त पहले कांग्रेस छोड़ने वालों की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा था कि जिन्हें लुटियन्स दिल्ली में बंगला और राज्यसभा की सदस्यता चाहिए वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाते हैं। उन्होंने तब भी राहुल गांधी के लिए कहा था कि श्री मोदी को राहुल गांधी ही चुनौती दे सकते हैं, उनसे सीधे सवाल कर सकते हैं। अब गौरव वल्लभ का कहना है कि उन्हें सनातन के विरोध में नारे लगाने वालों से आपत्ति है और साथ ही जिस तरह वेल्थ क्रिएटर्स यानी देश को समृद्ध करने वालों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वो भी उन्हें सही नहीं लगता।

गौरव वल्लभ के दिए इन कारणों को सुनकर साफ समझ आता है कि उन्हें जातिवार जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की सोच से तकलीफ हो रही है। सवर्णों के दबदबे वाली मानसिकता अक्सर ऐसी तकलीफ की शिकायत करती है, क्योंकि उसके मुताबिक देश की पूंजी और अवसरों पर अधिकार जताने की आजादी निचले तबकों को नहीं है। कांग्रेस में पूर्व सांसद संजय निरूपम को भी तकलीफ हो रही थी और वे लगातार पार्टी के विरोध में बयान दे रहे थे। उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष ने छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। मगर गुरुवार को उन्होंने जिस तल्खी के साथ अपनी बातें रखीं, उनसे समझ आता है कि वे भी जल्द ही एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। संजय निरूपम पहले शिवसेना में थे, बाद में कांग्रेस में गए और इस बीच पत्रकारिता करने के साथ-साथ वे बिग बॉस जैसे रियलटी शो का हिस्सा भी बने। 2014 और 2019 में कांग्रेस की टिकट पर उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा और दोनों बार हार गए, लेकिन तीसरी बार वे उत्तर-पश्चिम मुंबई से अपने लिए टिकट चाहते थे, जबकि यहां महाविकास अगाड़ी में शामिल शिवसेना के नेता अमोल कीर्तिकर को टिकट मिली है। अगर संजय निरूपम को टिकट मिल जाती तो शायद उन्हें कांग्रेस के राम मंदिर पर लिए गए स्टैंड या उसकी संरचना और कार्यप्रणाली से तकलीफ नहीं होती। लेकिन अब संजय निरूपम बता रहे हैं कि कांग्रेस में एक नहीं पांच शक्ति केंद्र हैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और के सी वेणुगोपाल और इन सभी का नाम लेते हुए बेहद अभद्र टिप्पणियां संजय निरूपम ने की हैं। दो दिन में तीन लोगों के कांग्रेस छोड़ने को भाजपा समर्थित पत्रकार कांग्रेस में भगदड़ की तरह पेश कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कांग्रेस कितनी कमजोर हो चुकी है। कांग्रेस के अंत की अनंत भविष्यवाणियां की जा चुकी हैं और शायद आगे भी होती रहेंगी। लेकिन हकीकत ये है कि जिन तीन लोगों ने अभी कांग्रेस छोड़ी है, वे खुद हारे हुए नेता रहे हैं, किसी का मजबूत जनाधार नहीं रहा है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था लम्बी छलांग लगाने को तैयार

**कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में ह्लस्वह्न का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है।**





**प्रह्लाद सबनानी**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही ( अक्टोबर-दिसम्बर 2023 ) में भारत में आर्थिक विकास की दर 8.4 प्रतिशत रही है। कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में ह्लस्वह्न का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है। उक्त तथ्यों के अतिरिक्त अन्य कई कारक भी भारत की आर्थिक विकास दर को अब 9 से 10 प्रतिशत की सीमा में ले जाने को तैयार दिखाई दे रहे हैं। आज भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत से आगे चल रही विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में ठहराव आ गया है। जैसे अमेरिका एवं यूरोप की अर्थव्यवस्थाएं आगे आने वाले समय में प्रतिवर्ष केवल 2 अथवा 3 प्रतिशत की दर से ही आगे बढ़ पाएंगी। इसी प्रकार चीन की अर्थव्यवस्था भी अब ढलान पर दिखाई दे रही है। जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में तो आर्थिक मंदी देखी जा रही है। इस प्रकार विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के अमृत काल में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही तेज गति आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। वैसे भी भारत में अमृत काल तो अभी शुरू ही हुआ है एवं यह अगले 23 वर्षों अर्थात वर्ष 2047 तक यह खंडकाल जारी रहेगा। कुछ अर्थशास्त्री तो भारत के अमृत काल के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था के इसी तरह तेज गति से आगे बढ़ते रहने की संभावनाएं व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भारत में वर्ष 1991-92 में प्रारम्भ किए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र के सुधार कार्यक्रम को अब 32 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, हालांकि वर्ष 1991-92 के बाद भी भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्रों में सुधार कार्यक्रम लगातार जारी रहे हैं। अतः स्थिर हो चुके इन सुधार कार्यक्रमों के फल खाने का समय अब आ गया है।


भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, पिछले 77 वर्षों के दौरान भारत में लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ है एवं आज पूरे विश्व में भारत इस दृष्टि से प्रथम पायदान पर खड़ा है। भारत में लोकतंत्र के लगातार मजबूत होते जाने से विदेशी निवेशकों का भारत में विश्वास बढ़ा है जिसके चलते भारत में उद्योग जगत को पूंजी की कमी नहीं के बराबर रही है। पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता के चलते भारत में आर्थिक विकास को गति ही मिली है। भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर के कारण भारत में बिलिनियर ( 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति वाले नागरिक ) की संख्या में सुधार हुआ है। पिछले वर्ष भारत में 94 नए बिलिनियर बने हैं। जबकि चीन में 115 बिलिनियर कम हुए हैं। विश्व में बिलिनियर की संख्या के मामले में भारत चीन एवं अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत में आज 271 बिलिनियर हैं जबकि चीन में 814 एवं अमेरिका में 800 बिलिनियर हैं। मुंबई महानगर में तो अब 92 बिलिनियर निवास कर रहे हैं, जो चीन के बीजिंग महानगर के 91 बिलिनियर से अधिक है। इस प्रकार अब एशिया के किसी भी महानगर में सबसे अधिक बिलिनियर भारत के मुंबई महानगर में निवास कर रहे हैं। पूरे विश्व भारत के मुंबई महानगर से आगे अब केवल अमेरिका का न्यूयॉर्क महानगर ( 119 बिलिनियर ) एवं ब्रिटेन का लंदन महानगर ( 97 बिलिनियर ) ही है। वर्ष 2022-23 में चीन में बिलिनियर की संख्या घटी है। चीन में बिलिनियर की सम्पत्ति 15 प्रतिशत से कम हुई है। जबकि भारत में बिलिनियर की सम्पत्ति में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास दर के चलते सम्भव हो सका है। एक और कारक जो आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने में सहायक हो सकता है वह है भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक औसत आय का लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर का होना है जो चीन में 13, 000 से 14, 000 अमेरिकी डॉलर के एवं दक्षिणी कोरीया में 32, 000 से 33, 000 अमेरिकी डॉलर के बीच की तुलना में बहुत कम है। इस दृष्टि से भारत को अभी बहुत आगे तक जाना है और यह केवल आर्थिक विकास की औसत दर को 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष के आसपास बनाए रखने से ही सम्भव होगा। इस प्रकार भारतीय नागरिकों में अपनी औसत आय को विकसित देशों की तुलना में बेहतर करने की अभी बहुत गुंजाइश है और यह भावना भारत की आर्थिक विकास दर को बढ़ाए रखने में सहायक होगी। दूसरे, भारत में तकनीकी क्षेत्र विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास की दर बहुत प्रभावकारी है, डिजिटल क्षेत्र में तो भारत आज पूरे विश्व को ही राह दिखाता नजर आ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के चलते भारत में विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों, व्यवसाइयों, प्रबंधकों, कृषकों आदि की उत्पादकता में भी सुधार दृष्टिगोचर है जो निश्चित ही भारत में आर्थिक विकास की गति को तेज करने में सहायक होगा। आज अमेरिका एवं कनाडा में निवासरत एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारतीय मूल के नागरिक वापिस भारत आकर बसने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रहे हैं क्योंकि अब अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर उन्हें आकर्षित कर रही है। उन्हें आज भारत में अधिक आय अर्जन के अतिरिक्त साधन उत्पन्न होते दिखाई दे रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार, लगभग 38, 000 भारतीय जो अमेरिका में सूचना

# पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन टूटा

**किसान आन्दोलन से घबरा कर अकाली दल ने भाजपा से संबंध तोड़ लिया ।अकाली दल को लगा कि पंजाब भाजपा के खिलाफ किसान आन्दोलन के नेताओं के साथ हो लिया है ।ऐसी स्थिति में भाजपा के खिलाफ खड़ा होना हाराकिरी करने के समान होगा । लेकिन अकाली दल का आकलन कम से कम इस मुद्दे पर गलत था कि पंजाब किसान नेताओं के साथ है ।2022 के विधानसभा चुनावों में किसान आन्दोलन में से उपजी नई पार्टी संयुक्त किसान मोर्चा के सभी लोगों की जमानत जब्त हो गई ।दरअसल किसान मोर्चा एक बहुत ही कुशल रणनीति और मैनेजमेंट के कौशल में से पैदा हुआ था ।इस कौशल ने शून्य तो उत्पन्न करने की कोशिश की, लेकिन इस कौशल के नेताओं को जन नेता नहीं बना सका। केजरीवाल को कुछ देसी विदेशी शक्तियां 2014 में से ही राष्ट्रीय रंगमंच पर लाँच करने का प्रयास करती रही थीं ।अलबत्ता वहां तो सफलता नहीं मिली, लेकिन पंजाब में जरूर सफलता मिल गई ।वैसे भी किसान आन्दोलन में सक्रिय कम्युनिस्ट कैडर ने आम आदमी पार्टी की सहायता की थी ।भारतीय जनता पार्टी वोटों और सीटों के मामले में वहीं पहुंच गई जहां वह अकाली दल से गठबन्धन से पूर्व हुआ करती थी ।वोट प्रतिशत लगभग छह सात के बीच और सीटें शून्य से आठ के बीच।**







**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

पंजाब में अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी लम्बे अरसे से मिल कर चुनाव लडे के आदी हो गए थे। इतिहास में देखा जाए तो मिलने-टूटने का यह सिलसिला 1967 के विधानसभा चुनावों के बाद ही शुरू हो गया था। बीच-बीच में मन-मुटाव भी हुआ लेकिन अब पिछले तीन दशकों से आपसी गठबन्धन ठीक-ठाक ही चल रहा था। किसान आन्दोलन से घबरा कर अकाली दल ने भाजपा से संबंध तोड़ लिया। अकाली दल को लगा कि पंजाब भाजपा के खिलाफ किसान आन्दोलन के नेताओं के साथ हो लिया है। ऐसी स्थिति में भाजपा के खिलाफ खड़ा होना हाराकिरी करने के समान होगा। लेकिन अकाली दल का आकलन कम से कम इस मुद्दे पर गलत था कि पंजाब किसान नेताओं के साथ है। 2022 के विधानसभा चुनावों में किसान आन्दोलन में से उपजी नई पार्टी संयुक्त किसान मोर्चा के सभी लोगों की जमानत जब्त हो गई। दरअसल किसान मोर्चा एक बहुत ही कुशल रणनीति और मैनेजमेंट के कौशल में से पैदा हुआ था। इस कौशल ने शून्य तो उत्पन्न करने की कोशिश की, लेकिन इस कौशल के नेताओं को जन नेता नहीं बना सका। केजरीवाल को कुछ देसी विदेशी शक्तियां 2014 में से ही राष्ट्रीय रंगमंच पर लाँच करने का प्रयास करती रही थीं। अलबत्ता वहां तो सफलता नहीं मिली, लेकिन पंजाब में जरूर सफलता मिल गई। वैसे भी किसान आन्दोलन में सक्रिय कम्युनिस्ट कैडर ने आम आदमी पार्टी की सहायता की थी। भारतीय जनता पार्टी वोटों और सीटों के मामले में वहीं पहुंच गई जहां वह अकाली दल से गठबन्धन से पूर्व हुआ करती थी। वोट प्रतिशत लगभग छह सात के बीच और सीटें शून्य से आठ के बीच। वैसे इस चुनाव में भाजपा को दो सीटें और 6.6 फीसदी वोट मिले थे। सबसे ज्यादा नुकसान अकाली दल को हुआ। सीटें तीन। जहां तक वोट प्रतिशत का सवाल है अकाली दल को 18.38 प्रतिशत वोट मिले थे। लेकिन सबसे ज्यादा लाभ आम आदमी पार्टी को हुआ जिसने 117 सदस्यों की विधानसभा में से 92 सीटें झटक लीं। इस नए राजनीतिक माहौल में कांग्रेस और अकाली दल में भगदड़ मचना लाजिमी थी। लेकिन आश्चर्य की बात थी कि कांग्रेस और अकाली दल छोड़ कर लोग भाजपा में आने लगे और कुछ महीने पहले तक एक बार फिर अकाली-भाजपा गठबन्धन की चर्चा चल निकली। इसलिए जल्दी में फिर से एक लघु किसान आन्दोलन खड़ा हो गया। अकाली दल फिर घबराहट में आ गया। दरअसल पंजाब में किसान आन्दोलन अकाली दल को डराने-हडकाने का एक कारगार हथियार बन चुका है। अकाली दल इसको देख कर वैसी ही प्रतिक्रिया करता है जैसी किसान आन्दोलन के आयोजकों को आशा होती है। कहीं न कहीं इससे पंजाब में शासन कर रही पार्टी की हित साधना भी होती है। कहा जाता है और धरातल पर दिखाई भी देता था कि पिछले किसान आन्दोलन में पंजाब की उस समय की शासक पार्टी की प्रत्यक्ष ही भागीदारी थी और इस बार के किसान आन्दोलन में आम आदमी पार्टी की सक्रिय भागीदारी देखी जा सकती है। परिणाम वही हुआ। अकाली दल गठबन्धन की बातचीत से बाहर हो गया। यह ठीक है कि इसमें सीटों की संख्या भी एक मुद्दा रहा होगा लेकिन जिस कारक ने अकाली दल को गठबन्धन के राऊंड टेबल से हड़बड़ाहट में उठा दिया, वह किसान आन्दोलन ही था। इस गठबन्धन की बात सिरे न चढे से सबसे ज्यादा खुशी शायद भाजपा के कार्यकर्ता को ही हो रही है। भाजपा के साधारण कार्यकर्ता को लगता है कि अकाली दल से गठबन्धन के कारण पंजाब में पार्टी का विकास रुकता है। यह ऊपर से देखने पर ठीक लगता है। लेकिन वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। दरअसल पंजाब में भूगोल के आधार पर पांच भाग हैं। मालवा, बाँगर, पुआध, दोआबा और माझा। भाजपा का आधार मोटे तौर पर ह्यपुआधह्न क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर रहता है, जहां उसका मुकाबला अकाली दल से नहीं बल्कि कांग्रेस से होता है। पंजाब का दूसरा हिस्सा जहां भाजपा का कुछ आधार है वह बाँगर क्षेत्र है जो राजस्थान से लगता है। वहां भी उसका मुकाबला कांग्रेस से ही होता है। भाजपा का कुछ आधार जीटी रोड के शहरों में है और वहां भी उसकी प्रतिद्वन्द्वी पार्टी कांग्रेस होती है, अकाली दल नहीं। पंजाब में भाजपा की प्रगति न होने के अन्य बीसियों कारण हैं जिसमें जनसांख्यिकी प्रमुख है, लेकिन उसमें कम से कम अकाली दल नहीं है। पिछले कुछ अरसे से नरेन्द्र मोदी की रणनीति के चलते पंजाब की जनसांख्यिकी को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने कार्य विस्तार के प्रयत्न शुरू किए हैं। इस कार्य विस्तार के दो ही तरीके हैं। पहला नीचे धरातल पर कैडर निर्माण किया जाए और उसमें से नेतृत्व उभरे। यह लम्बा तरीका है और चुनाव सिर पर हैं। दूसरा तरीका है कि पंजाब की जनसांख्यिकी को ध्यान में रखते हुए उसी के अनुरूप नेतृत्व खड़ा कर लिया जाए और उसकी सहायता से कैडर निर्माण किया जाए। फिलहाल पंजाब में भाजपा ने यह दूसरा तरीका ही इस्तेमाल किया है। अन्य दलों से अनेक नेता भाजपा में आ रहे हैं। रवनीत बिट्टू नया चेहरा है। लेकिन उससे बहुत पहले कांग्रेस-अकाली दल से आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। मनप्रीत सिंह बादल उनमें बड़ा चेहरा था। अकाली दल के वरिष्ठ नेता सिकन्दर सिंह मलूका की पुत्रवधू परमपाल कौर सिद्धू ने तो भारतीय प्रशासनिक सेवा से त्यागपत्र दे दिया है। उसकी चर्चा है कि वह भाजपा में शामिल हो रही है।

# मुश्किल वैश्विक हालात में कंपनियों की बढ़ती चुनौतिया

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी, श्रम और विचारों के आदान-प्रदान पर पाबंदी में ढील उच्च आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्त्रोत थी। परंतु, इस समय चार ऐसी बातें या चुनौतियां हैं जो इस वैश्विक अर्थव्यवस्था को हानि पहुंचा रही हैं। दुनिया के देशों के बीच जुड़ाव एवं संपर्क बढे से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि होती है वहीं, अलगाव से जीडीपी कमजोर पड़ता है। चीन का प्रभाव कम करने के लिए संरक्षणवाद के खिलाफ आवाज उठाना नीति-निर्धारकों के हित में है। दुनिया में बदलती परिस्थितियों के बीच वित्तीय एवं गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए अपने संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा कर उनमें सुधार करना आवश्यक है। वे जब तक इस मोर्चे पर कदम आगे नहीं बढ़ाएंगे, तब तक वर्तमान परिस्थितियों में बेहतर कारोबार नहीं कर पाएंगे। आइए, अब हम उन चार चुनौतियों पर विचार करते हैं। वर्ष 2018 से हम तीसरे वैश्वीकरण के दौर में आ गए हैं। इस तीसरे वैश्वीकरणझ में विकसित देशों के साथ उन देशों का आर्थिक जुड़ाव अधिक कठिन हो गया है जो विदेश नीति एवं सैन्य मामलों में उपयुक्त एवं संतोषजनक स्थिति में नहीं दिख रहे हैं। दूसरे वैश्वीकरण के दौरान यह तर्क दिया गया था कि रूस और चीन जैसे देशों को वैश्वीकरण के ताने-बाने में शामिल किए जाने के लाभ बाद में नजर आएंगे क्योंकि ये देश स्वतंत्रता की तरफ सावधानी से कदम बढ़ा रहे हैं, लेकिन यह गलत साबित हुआ। प्रत्येक अल्प विकसित देश को संपन्नता एवं स्वतंत्रता की तरफ बढे में कई पीढ़ियों तक संघर्ष करना पड़ा है। लेकिन तृतीय वैश्वीकरण के पक्ष में दिए जा रहे तर्क में वजन दिख रहा है। दूसरा अहम बिंदु है कार्बन सीमा शुल्क (कार्बन बॉर्डर टैक्स)। कई लोग कार्बन सीमा शुल्क को संरक्षणवाद से जोड़कर देख रहे हैं जिसे उचित नहीं माना जा सकता। यूरोपीय उपभोक्ताओं ने ज्यादा कार्बन के इस्तेमाल से तैयार उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करने का समझौता किया है। यूरोपीय कार्बन सीमा समायोजन ढांचा (यूरोपीय कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म) से आशय संरक्षणवाद से नहीं है बल्कि इसका संबंध यूरोप में उत्पादन या इसकी सीमा से बाहर होने वाले उत्पादन के बीच समान अवसर बहाल करना है। सैद्धांतिक स्तर पर देखें तो यह आयात पर मूल्यवर्धित कर (वैट) की तरह है, जो व्यापार में बाधा पहुंचाए बिना घरेलू नीति (वैट दर तैयार करने की नीति) तैयार करने की गुंजाइश प्रदान करता है। कार्बन उत्सर्जन कम करने के मामले में चीन भारत से आगे है। चीन में कुल ऊर्जा उपभोग में अक्षय ऊर्जा का हिस्सा 33 फीसदी तक हो गया है और यह तेजी से विकास कर रहा है। भारत की कमजोर ऊर्जा नीति भारतीय वस्तुओं के निर्यात को कमजोर कर देगी। तीसरा पहलू चीन से जुड़ा है। चीन की अर्थव्यवस्था गहरे दबाव में रही है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2013 से सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है (चीन को आधुनिक बनाने के तंग श्याओ फिंग के प्रयासों को उन्होंने पलट दिया है)। नीतिगत स्तर पर अंध राष्ट्रवाद, बाहर के लोगों के प्रति शत्रुता और निजी क्षेत्र के लोगों के खिलाफ सरकार की दमनकारी नीतियां पांव पसार रही हैं। ऐसे और कुछ अन्य कारणों से चीन की आर्थिक वृद्धि उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई है। पूर्व में चीन के नीति निर्धारकों ने ऋण मुहैया कर, आधारभूत ढांचे पर व्यय बढ़ाकर और निर्माण क्षेत्र पर ध्यान देकर अपनी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने का प्रयास किया है। परंतु, वर्तमान समय में इन उपायों का इस्तेमाल करना कठिन हो गया है। ऐसा लग रहा है कि अब निर्यातकों को व्यवस्था के स्तर पर सब्सिडी देने का प्रयास किया जा रहा है (यह जिस रूप में किया जा रहा है वैश्विक व्यापार उसकी अनुमति नहीं देता है)। वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन का विशेष योगदान है इसलिए उसका व्यवहार दूसरे देशों पर बड़ा असर डाल सकता है। वर्तमान समय में निर्यात पर सब्सिडी देने से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कई छोटे प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में एक विदेश नीति तैयार करना आवश्यक है जिसके माध्यम से विकसित अर्थव्यवस्थाएं चीन के साथ संवाद कर सकें। इन तीनों व्यवस्थागत समस्याओं के बाद एक चौथी समस्या भी है। विभिन्न देश व्यापार नीति पर मनमाने ढंग से कदम उठा रहे हैं। ये कदम अक्सर गलत दिशा में जाते हैं। द जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स ऐंड ट्रेड/ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) प्रक्रिया काफी पहले खत्म हो गई है। लगभग रोज ही उदार नीतियों एवं विचारों के लिए नए खतरे पैदा हो रहे हैं। डिजिटल सेवाओं पर वैश्विक सहमति बनाने की दिशा में व्यवधान पैदा करना ऐसा ही एक उदाहरण है। इस बात की संभावनाएं (40 फीसदी) बढे लगी है कि डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले चुनाव में जीत सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दो वारंटी गिरफ्तार, जेल

दिनारा(रोहतास): दिनारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी शंकर सिंह एवं सरल सिंह को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त के विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत था।

### पुलिस ने 27 हजार रुपये वसूला जुर्माना

दिनारा(रोहतास): दिनारा थाना की पुलिस वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र के तीनों चेकपोस्ट पर लगातार सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। उसी क्रम में दिनारा थाना की पुलिस ने वाहन चालकों से 27 हजार रुपये का जुमार्ना वसूल की है। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों द्वारा वाहन जांच के दौरान सीट-बेल्ट, हेलमेट, डिक्की, ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर-बुक सहित अन्य विंदुओं पर जांच की जा रही है। जो निरंतर चलते रहेगा।

### दो नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

राजपुर(रोहतास): राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जिस मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को किया गिरफ्तार, दूसरा नामजद आरोपी फरार, गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी में जुटी पुलिस। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के बारे में बताया जाता है कि राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो नाबालिग से दो लोगों ने किया दुष्कर्म। जिस मामले में अलग-अलग दोनों पीड़िता नाबालिग के परिजनों ने स्थानीय थाना में दोनों आरोपी के विरुद्ध अलग-अलग कांड दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि कांड दर्ज कर मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए दुष्कर्म मामले के एक नामजद आरोपी थाना क्षेत्र के कपसियां निवासी मुगुन सिंह को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कपसियां गांव के बधार से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि उक्त मामले में दूसरा नामजद आरोपी छोटू सिंह अभी फरार चल रहा है, लेकिन बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि एक नाबालिग 11 वर्ष और दूसरा नाबालिग 08 वर्ष की बताई जाती है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में किया गया नए सत्र की शुरूआत

बिक्रमगंज(रोहतास): शुक्रवार को नए सत्र की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्या कुमारी प्रिया समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने मिलकर यज्ञ, हवन व भजन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्या द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं तथा सभी गैर शैक्षणिक कर्मचारियों पर पुष्प वर्षा कर नए सत्र की सफलता के लिए आशीर्वचन एवं शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि नए सत्र 2024-25 में हम सभी मिलकर एक नई ऊर्जा, उत्साह, उमंग, जोश, तपस्या और तकनीकी से अपने बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे और विकसित भारत के निर्माण हेतु विकसित भारत के भविष्य का निर्माण करेंगे। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं से प्राचार्या ने सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों का सहयोग भी प्रार्थनीय है। अगर शिक्षक और अभिभावक दोनों मिलकर कम करें, तो हमारे बच्चे निश्चित रुप से सर्वोच्चता को प्राप्त करेगें। अंत में शांति पाठ किया गया तथा सभी को तिलक लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

### जोरावरपुर में तरावीह की नमाज सम्पन्न

काराकाट(रोहतास): काराकाट प्रखंड स्थित जामा मस्जिद जोरावरपुर में खत्म तरावीह के अवसर पर समारोह आयोजित कर तरावीह पढ़ाने वाले हाफिज-ए-कुरान शेख साकिब साहब को सम्मानित किया गया। साथ ही अकीदतमंदों ने अपनी हैसियत के अनुसार हाफिज-ए-कुरान को नजराने पेश किए। मस्जिद के सेक्रटरी कल्लन खान और जिलानी खान के नेतृत्व में देर रात तक चले कार्यक्रम में हाफिज साकिब साहब को फूल मालाएं पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया और सामूहिक रूप से लगभग इकतालीस हजार रुपये का नजराना पेश किया गया। इस अवसर पर इमाम साहब ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग दिन के तालीम को हासिल करने पर जोर दें, दिन के तालीम से मुसलमान भाई दूर होते जा रहें हैं। इसे कायम कीजिए रमजान के बचे हुए आखरी अशरे में खूब इबादत कीजिए, रोजा रखिए, नमाज पढ़िए, गरीब असहायों की मदद कीजिए। रमजान का पवित्र महीना बड़ी रहमतों व बरकतों का हैं। इसे पूरे अकीदत के साथ निभाइए। मौके पर साजिद खान, सोएब उर्फ पुट्टू खान, राजा खान, असगर खान, रूमी खान, गुफरान खान, सादिक खान, अरबाज खान, उनैब खान, तफज्जुल खान, आकिब खान एवं बड़ी संख्या में नमाजी उपस्थित थें।

# लोरीबांध गोली कांड का तीन दिनों के अंदर किया खुलासा

● आरोपी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

प्रात:किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास): काराकाट पुलिस ने लोरीबांध गोली कांड का तीन दिनों के अंदर खुलासा कर दिया। आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। काराकाट थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने प्रेसवार्ता कर बताया कि लोरीबांध गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह पिता रामपुकार सिंह के घर पर 2 अप्रैल को गोलीबारी की घटना हुई थी। इस मामले में एक नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया था। मामले के छानबीन के दौरान घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगा। जिसमे नामजद आरोपी जमुआ टोला निवासी विकेश कुमार पाण्डेय लोरीबांध गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह के घर पर गोली चलाते साफ साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी इससे पहले भी कई हत्या की प्रयास जैसे कांड में जेल जा चुका है। वहीं कुछ दिन पहले आरोपी द्वारा काराकाट थाना के गेट पर चढ़ कर पुलिस पदाधिकारियों को धमकाने और गाली गलौज करने जैसे घटना का अंजाम दिया गया था। रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार इस मामले को काफी गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। जिसमें अपर थानाध्यक्ष रविभूषण कुमार के नेतृत्व में पु.० रोहित कुमार, मिथलेश कुमार राम सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी का एक विशेष टीम की गठन किया गाय। गठित टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के संभावित ठिकाने पर छापेमारी करते हुए तीन दिनों के अंदर ही उक्त घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक बुलेट बाइक, एक मोबाइल के साथअभियुक्त को गिरफतार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को गहन पूछ-ताछ कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर पहले भी काराकाट थाना में आर्म्स एक्ट, हत्या की प्रयास का मामला दर्ज है, जिसमे जेल भी जा चुका हैं। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला में आदर्श आचार संहिता लागू है। जिसको लेकर अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था तथा शांति-व्यवस्था, विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए गिरफ्तार अभयुक्त को जिला से बाहर के जेल में भेजने के लिए वरीय अधिकारियों से आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा की क्षेत्र से कांड में फरार चल रहे अपराधकमीर्यो के धर पकड एवं गिरफतारी के लिए लगातार विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम समता विचार मंच के तहत बाबूजी जगजीवन राम का मनाया गया 117 वीं जयंती समारोह



प्रात:किरण संवाददाता

आरा: भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम समता विचार मंच के तहत बाबूजी जगजीवन राम जी के पैतृक आवास ग्राम चंदवा में 117 वी जयंती समारोह धूम धाम से मनाया गया जिसमे बाबू जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया एवं कार्यक्रम में उनकी जीवनी पर विभिन्न वक्ताओं के द्वारा प्रकाश डाला गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बाबू जगजीवन राम समता विचार मंच के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ने बाबूजी के संघर्ष के बारे में अपने विचारो को रखा तथा श्रम मंत्री रहते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों विशेष कर श्रमिको के लिए न्यूनतम पारिश्रमिक तथा कार्यवधि का निर्धारण किया जिसका फल आज भी श्रमिको के उत्थान में एक अहम भुमकी निभा रहा है। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक राम, राजी अहमद, संतोष पाण्डेय, अमित दिवेदी, रवि कुमार, जयमंगल राम, सुरेंद्र राम, काशी जी, संजय जी, अंचल कुमार, रामेश्वर राम, महेश, आशीष, राजेश, आदित्य, ऋतु राज एवम ग्राम चंदवा के गणमान्य लोगों की उपस्थी दर्ज हुई

## 8 दिवसीय भागवत कथा का पूज्य श्री विधि शरण देवाचार्य महाराज वृंदावन मथुरा के द्वारा किया आयोजन



प्रात:किरण संवाददाता

आरा /-आरा के गोविंद अपार्टमेंट में 8 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस भागवत कथा का आयोजन गोविंद अपार्टमेंट निवासी समाजसेवी विजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया है। आयोजक विजय सिंह ने बताया कि 8 दिवसीय भागवत कथा में पूज्य श्री विधि शरण देवाचार्य जी महाराज वृंदावन मथुरा के द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। इस आयोजन में रोजाना प्रातः पूजन और संध्या प्रवचन का आयोजन हो रहा है। आदिकाल से माना जाता है कि जहां भगवान भागवत की कथा का आयोजन किया जाता है वहां आसपास की धरती और वातावरण शुद्ध हो जाता है। रोजाना भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा है। आयोजन अगले 4 दिनों तक चलेगा। अंतिम दिन पूणार्हुति के साथ भव्य भंडारे का आयोजन होगा जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कथा का वाचन कर रहे मथुरा वृंदावन के कथावाचक पूज्य श्री विधि शरण देवाचार्य जी महाराज ने गुरुवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्री कृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। 7 संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण गोकुल पहुंच गए। प्रवचन के दौरान उन्होंने आगे कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है तब तक भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। आचार्य ने भक्तों से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का रसपान हर व्यक्ति को करना चाहिए। कथा में मनीष सिंह, राजीव सिंह, इंजिनियर धीरेन्द्र सिंह, किशोर पाठक, रणविजय जी, अनिल श्रीवास्तव, रमेश ठाकुर, राजीव रंजन सिंह अजय सिंह रंजीत सिंह सहित कई लोग शामिल रहे।

## भोजपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 117 वीं जयंती समारोह



प्रात:किरण संवाददाता

आरा: भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री देश के जाने-माने दलित नेता स्वर्गीय जगजीवन राम जी की 117वीं जयंती समारोह भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय शहीद भवन पर धूम-धाम और उल्लास के साथ भोजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में मनाया गया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि स्वर्गीय जगजीवन राम जी गरीबों एवम दलितों के बड़े नेता थे वावजूद देश के सभी वर्गों में इनकी समान ख्याति थी। इन्होंने गरीब परिवार से राजनीति शुरू करते हुए बिना किसी विरासत के खुद के संघर्ष के बल पर उप प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया था। इनका अपना खुद का असाधारण ब्यक्तित्व ही था कि देश ही नही बल्कि पूरा विश्व इन्हें बाबूजी के नाम से पुकारता था। जयंती समारोह में अशोक राम, रजी अहमद, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, संतोष पांडेय, बिजली बाबा, सुनील साह, उदय राम, रबिन्द्र तिवारी, सूरज प्रकश, रवि प्रकाश प्रो. अरुण सिंह, बिहारी सिंह, अक्षय सिंह सहित निम्नलिखित पार्टी पदाधिकारी, कांग्रेसी कार्यकर्ता एवम आमजन शामिल हुए।

## रोहतास में विवाहित महिला की हुई मौत, तफ्तीश में जुटी पुलिस



प्रात:किरण संवाददाता

रोहतास। जिले नारायणपुर में ससुराल पक्ष ने विवाहिता की मारपीट कर हत्या कर दी। मृतीका चेनारी थानाक्षेत्र के नारायणपुर के सरोज शर्मा की 30 वर्षीय पत्नी रीना देवी बताई गई। सूचना पर पहुंची चेनारी थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। महिला के शव को सौंपने के साथ पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है। सदर अस्पताल सासाराम के चिकित्सक पंकज कुमार ने बताया कि चेनारी थाना की पुलिस ने महिला कि शव को लाया था। जिसे पोस्टमार्टम कराकर महिला के शव को सौंप दिया गया है। मृतीका महिला रीना देवी के भाई ने बताया कि उसके बहन के ससुराल पक्ष ने मारपीट कर हत्या कर दी। पहले भी ससुराल के लोग शराब पीकर मारपीट करते थे। अंततः उसकी बहन रीना देवी की हत्या कर दी गई। बताया की चेनारी थानाक्षेत्र के नारायणपुर के सरोज शर्मा से उसके बहन रीना की शादी हुई थी।

## रोहतास में नानी के श्राद्ध क्रम में आए 10 वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से हुई मौत



प्रात:किरण संवाददाता

रोहतास जिले की करगहर थानाक्षेत्र के सिरिसियाँ गाँव स्थित एक पोखरा में डुबने से एक बच्चे की मौत हो गई है। मृतक आदित्य कुमार बक्सर जिले के मुरार गाँव के सोनू कुमार का पुत्र है जो अपने नानी के श्राद्ध क्रम में राजेंद्र गुप्ता के घर रोहतास के सिरसियाँ गाँव आया था। जहां बच्चों के साथ वो नहाने के लिए तालाब में चला गया था। नहाने के दौरान दो से तीन बच्चे डूबने लगे वही आदित्य बचाने के लिए गया तो इसकी भी डूबने से मौत हुई है। किसी तरह तीन बच्चों को स्थानीय लोगों की मदद से तालाब से बाहर निकल गया। वहीं जब तक आदित्य को बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से घटना की सूचना अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को दिया गया। इसके बाद घटनास्थल पर थाने के पुलिस और सीओ पहुंचे। इसके बाद बच्चे के शव को तत्काल करगहर के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुट गई है।

## रोगी कल्याण समिति एवम पंचायत के बुद्धिजीवी जागरूक व्यक्तियों की एक बैठक संपन्न

प्रात:किरण संवाददाता



आरा: जमिरा अतारिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोगी कल्याण समिति एवम पंचायत के बुद्धिजीवी जागरूक व्यक्तियों की एक बैठक संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता स्थानिय जिला पार्षद सह स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष श्री धनंजय कुमार सिंह और संचालन आरा सदर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी प्रकाश कुमार ने किया। बैठक में जिला पार्षद के द्वारा केंद्र में उपलब्ध सभी सुविधाओं का निरिक्षण किया तथा स्थानिय नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुना तथा उपस्थित चिकित्सक एवम कर्मचारीयों को त्वरित संज्ञान लेते हुये आवश्यक कार्यवाई करनें के लिये निदेश दिया। उन्होंनें कर्मचारीयों की समस्याओं को भी सुनतें हुये उनके सामाधान के लिये भी पहल किया। उक्त अवसर पर धनंजय ने बताया कि लगातार प्रयास करते हुये जिला परिषद के प्रस्ताव पर ही केंद्र के लिये न्ये भवन का निर्माण संभव हो पाया था। तत्पश्चात बहुत दिनों से इस केंद्र पर महिलाओं का प्रसव कार्य संभव हो पाये ईसके लिये प्रयास कर रहा हूं और इसी क्रम में आज यह बैठक आयोजित की गयी है जिसमें प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रसव कार्य के लिये आवश्यक सभी बिंदुओं पर स्वास्थ्य कमीर्यों के साथ गहन विचार-विमर्श कर के मानव बल सहित प्रसव कार्य में दक्ष कर्मियों के बीच कार्यों का बंटवारा किया। उन्होनें कहा कि इसी महिनें के आखिरी हफ्ते से प्रसव कार्य प्रारम्भ करनें के लिये आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर धनंजय यादव ने कहा कि प्रखंड सहित समस्त जिलें के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव कार्य सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य है, उसके लिये जिला परिषद के तरफ से भी यथासंभव सहयोग कराने का कार्य करुंगा। जमिरा में जिला परिषद के फंड से भी पुरुष एवम महिला वार्ड का निर्माण कराया है। उन्होंने रोगी कल्याण समिति को तत्काल प्रभाव से भंग करके न्यी समिति के गठन का भी प्रस्ताव पारित कराया। बैठक में जिला परिषद के सदस्य, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी, अतिरिक्त प्रा स्वा केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी के साथ ही साथ प्रखंड एवम केन्द्र के स्वा कर्मी, रोगी कल्याण समिति के सदस्य गण, पंचायत के बुद्धिजीवीगण एवम भारी संख्या में जागरूक नौजवान साथीगण शामिल हुये।

## मोहनिया में मनाया गया संत शिरोमणि माता कर्मा जयंती

प्रात:किरण संवाददाता



कैमूर: मोहनिया डाडवा मोहनिया स्थित दशरथ प्रसाद गुप्ता के मकान में मनाया गया संत शिरोमणि माता कर्मा जयंती। श्री भामाशाह राष्ट्रीय सेवा ट्रस्ट के द्वारा साहू समाज के सौजन्य से संत शिरोमणि माता कर्मा जयंती समारोह जिसका अध्यक्षता विनय बहादुर गुप्ता उर्फ गुड्डू ने किया जिसका संचालन श्याम सुंदर गुप्ता के द्वारा किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैरिज ब्यूरो साहू संघ सरगुजा जिला संयोजक ईश्वर चंद्र साहू एवं पंडित दीनानाथ एवं विशिष्ट अतिथि कैप्टन त्रिवेणी शाह दशरथ प्रसाद गुप्ता, राम प्रसाद गुप्ता एवं महेंद्र प्रसाद गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर चंद्र साहू ने कहा कि माता कर्मा साहू समाज की कुलदेवी यदि कोई मन से ठान ले तो निश्चय ही हासिल करके रहता है। जैसे भक्त के बस में भगवान माता कर्मा ने खिचड़ी लेकर भगवान की भोग लगा रही थी लेकिन जाकर देखी तो खिचड़ी इस तरह था उसने कहा कि जब तक खिचड़ी खा नहीं लेते तब तक मैं भी नहीं खाऊंगी अंत में भगवान को खिचड़ी का भोग लगाना पड़ा और प्रत्येक दिन श्री कृष्णा बाल रूप में माता कर्मा के यहां खिचड़ी खाने आते थे। और श्री साहू ने कहा कि गरीब परिवार की बच्चियों के शादी में 21000 का सहयोग राशि एवं साहू छात्रावास में एक भवन में जितना राशि लगेगा वह सहयोग करेंगे वही पंडित दीनानाथ ने कहा कि माता कर्मा जब भगवान को खिचड़ी खाने के लिए मजबूर कर सकती है तो हमारे समाज हमारे समाज एकजुट होकर अपना अधिकार को हासिल कर सकते है। आज सोचने की बात है कि हमारे साथ कितना बड़ा अन्याय हुआ जब माता कर्मा मंदिर में खिचड़ी लेकर जा रही थी तो पुजारी के द्वारा उन्हें बाहर फेंक दिया गया। अंततः श्री कृष्ण ने खिचड़ी खाने के लिए बाहर आ गए। जब पुजारी ने मंदिर में देखा तो भगवान श्री कृष्णा नहीं थे। बाहर भारी भीड़ लगी हुई थी जहां माता कर्मा उनको बाल रूप में साक्षात खिचड़ी खिला रही थी। वही बिंदा लाल गुप्ता ने कहा कि आज हमें एकजुट नहीं रहने के कारण बहुत शोषण सहना पड़ा राणा प्रताप को महाराणा बनाने वाले भामाशाह इतिहास से विलीन हुए क्यों तेली समाज को अछूत कहा गया जहां मैट्रिक में अच्छा प्रदर्शन करनेवाले किया गया सम्मानित बच्चियों को किया गया सम्मानित। जहां मौके पर कैप्टन त्रिवेणी साह दशरथ प्रसाद गुप्ता शिव मूरत गुप्ता ईश्वर चंद्र साहू पंडित दीनानाथ अनिल गुप्ता महेंद्र गुप्ता राम आशीष गुप्ता राम प्रकाश गुप्ता विनय बहादुर गुप्ता श्याम सुंदर गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे साहू समाज।

# जिलाधिकारी जनता दरबार में 41 परिवादियों का सुना फरियाद



प्रात:किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 41 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, आवास योजना, राशन कार्ड, जमाबंदी रसीद, अतिक्रमण, अनियमितता, नाली गली, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। रामपुर चौरम थाना स्थित ग्राम इंटवां निवासी सुदर्शन सिंह द्वारा बताया गया कि मेरे ही गाँव के रामदर्शन सिंह व अन्य परिवार के लोगों द्वारा आम रास्ते पर नाद एवं बाँस रख कर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी अरवल को नियमानुसार जाँच करते हुए निष्पादन करने तथा प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम अईआरा निवासी विदया देवी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ। मुझे राशन कार्ड की सख्त जरूरत है। मेरे राशन कार्ड में मेरे परिवार के कुछ सदस्यों का नाम छुटा हुआ है, छुटे हुए सदस्यों का नाम को जुड़वाने के साथ राशन कार्ड दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी करपी को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम कोचहासा निवासी रानी कुमारी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ। मेरा मकान क्षतिग्रस्त है एवं आवास की सख्त जरूरत है। मुझे आवास योजना के तहत आवास दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। तदोपरांत जिला पदाधिकारी, अरवल द्वारा द्वितीय अपील प्राधिकार से संबंधि तमामले की भी सुनवाई की गई। द्वितीय अपीलीय प्राधिकार आज कुल 08 मामलें की सुनवाई हुई जिसमें 02 मामलों का निष्पादन किया गया तथा 06 मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि हेतु निदेशित किया गया।

## गैस एजेंसी संचालक को गोली मारकर हत्या, घटना के विरोध में घंटों सड़क जाम

प्रात:किरण संवाददाता



पातेपुर। पातेपुर थाने की बहुआरा गांव में बीते गुरुवार को अज्ञात अपराधियों ने इंडेन गैस एजेंसी संचालक लक्ष्मी ठाकुर को घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद हमलावर तुरंत भाग गए। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रात के लगभग 8 बजे के करीब घर के अंदर बरामदे पर जाकर बैठ गए और पत्नी से चाय बनाने को कहा था। इसी बीच पत्नी किचेन में चाय बनाने गई ही थी कि अचानक हमलावरों ने चार पांच गोली उनपर फायर कर दिया। जिसमें दो गोली उनके पैर और जांग के पास लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां जुट गए। तब तक हमलावर भाग गए। घटना के समय गांव में थोड़ी दूरी पर भोज था। मृतक के पुत्र घटना के समय भोज में था। घटना की खुलाशा अब तक नहीं हो पाई है। गोली लगने के बाद लोग इलाज के लिये ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही दम तोड़ दिए। इस घटना से आसपास में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मृतक के घर में लगे सिसिटीबी कमरे को अपने कब्जे में लेकर उसे खंखाले जा रहे है। पुलिस अन्य बिन्दुओ पर भी जांच कर रही है। घटना स्थल पर शुक्रवार को महुआ एसडीपीओ भी छानबीन करने पहुंची। उन्होंने अपराधियों की धर पकड़ के लिये थानाध्यक्ष को आवश्यक निदेश दी। पातेपुर की बहुआरा में हुई गोली मारकर हत्या के विरोध में शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने महुआ - ताजपुर मुख्यमार्ग को बहुआरा पेट्रोल पंप के पास जाम कर दिया। जिससे समतीपुर से पटना और पटना से समस्तीपुर आने जाने वाले मुसाफिरों को काफी कठिनाई उठाना पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि गोली मारने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द हो। सड़क जाम छुड़ाने के लिये आये पुलिस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में बीडीओ मनोज कुमार राय और स्थानीय विधायक लखेन्द्र कुमार रौशन के समझाने बुझाने पर लोगों ने यातायात चालू होने दिया।

## स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामानंद तिवारी का मनाया गया 44 वां पुण्य तिथि

प्रात:किरण संवाददाता



आरा: जे पी स्मारक आरा के सामने प्रखर स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामानंद तिवारी का 44 बा पुण्य तिथि मनाया गया। चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सादे समारोह की अध्यक्षता 74 आंदोलन के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुशील कुमार ने किया। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पंडित रामानंद तिवारी जी को अपनी श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर राजेंद्र मणियारा, प्रह्लाद सिंह, अरुण भोले, अजय निशि, उमाकांत ओझा, महेश सिंह यादव, जिला परिषद सदस्य भीम यादव, नाथू राम, अशोक मानव, शिक्षक धीरज जी, अरुण यादव, पवन राव, जे पी सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सुशील कुमार ने पंडित जी के आदर्शों एवं संघर्षों की चर्चा की और कहा कि पंडित रामानंद तिवारी के विचारो से आज के युवाओं को जोड़ना सबसे बड़ी जिम्मेवारी है। अंत में श्री राजेंद्र मनियार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



### देवोलीना भट्टाचार्जी फिल्मों में डेब्यू पर बोलीं

# ऐसा नहीं कि मैं अब टीवी या वेब पर काम नहीं करूंगी

टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी फिल्मों में अपनी शुरुआत को लेकर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि फिल्में करने का मतलब ये नहीं है कि वह अब छोटे पर्दे या वेब पर काम करने से पीछे हट जाएंगी। टेलिविजन शो साथ निभाना साथियामें गोपी बहू का किरदार निभाकर लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस बंगाल 1947- एन अनटोल्ड लव स्टोरीमें लीड रोल में नजर आएंगी। बड़े पर्दे पर अपने डेब्यू पर बातें करते हुए देवोलीना ने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म को लेकर एक्साइटेड हूं। मैं चाहती हूं कि मेरे फैंस हर बार की तरह मुझे प्यार और सपोर्ट करें। टीवी और डिजिटल प्लैटफॉर्म के प्रोजेक्ट्स में काम करने के बाद, मैं बड़े स्क्रीन के प्रोजेक्ट का ऑफर पाकर बेहद खुश हूं।

एक एक्टर के रूप में मैं अपने आप को बांधकर नहीं रखती। एक्ट्रेस को पिछली बार दिल दियां गल्लांमें देखा गया था। उन्होंने कहा कि वह छोटे पर्दे या डिजिटल प्लेटफॉर्म से पीछे नहीं हटेंगी और काम करती रहेंगी। एक्ट्रेस ने कहा, मैं एक एक्टर हूं और मेरा काम एक्टिंग करना है। बॉलीवुड स्क्रीन को सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म माना जाता है और हर एक्टर उस प्लेटफॉर्म पर राज करना चाहता है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा अच्छी कहानियों के इंतजार में रहती हूं।

मैं अपने काम को इंजॉय करती हूं, चाहे स्टेज पर लाइव थिएटर करना हो या टीवी शो वेब या फिल्में। लेकिन, फिल्में करने का मतलब यह नहीं है कि मैं अब टीवी या वेब पर काम नहीं करूंगी। देवोलीना ने सलमान खान द्वारा के होस्ट वाले रियलिटी टीवी शो बिग बॉसके 13वें, 14वें और 15वें सीजन में भी हिस्सा नजर आई थीं।

# जल्द एक साथ नजर आएंगे सनी, हिमेश और प्रभुदेवा, दर्शक हुए बेसब्र



सनी लियोनी, हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा जल्द ही एक साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। तीनों ही फिल्मी दुनिया के बड़े नाम हैं। इन्हें एक फिल्म में देखना दर्शकों के लिए काफी दिलचस्प अनुभव होने वाला है। हालांकि, अभी इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है। लेकिन, सनी लियोनी इसके शूट के लिए रवाना हो चुकी हैं।

**पहली बार बार जमेगी सनी और हिमेश की जोड़ी**

अभी फिलहाल इतनी जानकारी ही सामने आई है कि शुरुआती शूटिंग मस्कट में होगी। इस फिल्म को लेकर खास बात यह है कि हिमेश रेशमिया और सनी लियोनी पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे।

इसे लेकर दर्शक भी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं, यह दूसरा मौका होगा, जब सनी लियोनी और प्रभुदेवा एक साथ काम करने जा रहे हैं। इससे पहले दोनों ने पेट्टा रैप गाने में एक साथ काम किया था। प्रशंसक चाहेंगे कि उन्हें फिल्म में प्रभुदेवा की कोरियोग्राफी और सनी का डांस देखने को मिले। अगर ऐसा हुआ तो संभवत~हिट गानों की लिस्ट में एक और गाना जुड़ जाएगा।

**सनी और हिमेश की आने वाली फिल्में**

सनी लियोनी की बात करें तो वह फिलहाल मशहूर डेटिंग शो स्प्लिट्सविलाको होस्ट कर रही हैं। यह इस शो का 15वां संस्करण है। सनी की आने वाली फिल्मों में गैंग्स ऑफ गाजियाबाद, कैनेडीऔर कोटेशन गैंगशामिल हैं। वहीं, हिमेश रेशमिया की झोली में बैडएस रवि कुमार है। उन्होंने पिछले दिनों बतौर संगीतकार किसी का भाई किसी की जान और सेल्फी में काम किया था। वे अक्सर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिटनेस वीडियो डालते रहते हैं।

**दबंग 4बनाएंगे प्रभुदेवा**

प्रभुदेवा भी अपने काम की वजह से काफी व्यस्त हैं। वह दबंग 4 का निर्देशन करेंगे। इस फिल्म को अगले साल दिसंबर महीने में रिलीज किया जा सकता है। इसके अलावा उनकी वांटेड 2बनाने की भी चर्चा हैं।

इसके पहले भाग में सलमान खान नजर आए थे। इसी फिल्म से उन्होंने दमदार वापसी की थी। इसके अलावा प्रभुदेवा भारतीय सुपरहीरो फिल्म मिनमैनमें भी काम कर रहे हैं।



# मुझे कुछ भी थाली में सजाकर नहीं मिला, बताया बॉलीवुड से क्यों हैं दूरः नीतू चंद्रा

बॉलीवुड में ट्रैफिक सिग्नल और ओए लकी लकी ओए जैसी फिल्में करने वाली एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने कुछ साल पहले फिल्म नेवर बैक डाउन~ रिवोल्ट से हॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब वह अपने वेस्टएंड म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा से अमेरिका में भारतीय संस्कृति का झंडा गाड़ने जा रही हैं। नॉर्थ अमेरिका के नौ शहरों में यह नाटक परफॉर्म करने जा रही नीतू से हमने उनके सफर पर की खास बातचीत

**-आपने बड़े पर्दे पर काफी काम किया है। अब दस साल से आप नाटक उमराव जान अदा में मंच पर अपना हुनर दिखा रही हैं। यह रंगमंच का अनुभव कितना मायने रखता है?**

पहले तो मैं ये बताना चाहूंगी कि जो उमराव नाटक मैं 2012-13 से कर रही थी, वो इस उमराव जान अदा- द वेस्टएंड म्यूजिकल से बिल्कुल अलग है। दोनों बेशक उमराव जान पर हैं, मगर पहले वाला रेखा भारद्वाज के साथ था, जिसे हम पृथ्वी थिएटर में करते थे। वो कास्ट, स्टोरी, म्यूजिक सब अलग था। असलीम सुलेमान का म्यूजिक है। यह एक म्यूजिकल है, जिसमें दिल चीज क्या है.., इन आंखों की मस्ती.. जैसे जो रेखा जी के गाने रीक्रिएट किए गए हैं। बहुत शानदार कथक परफॉर्मेंसेस हैं।

मैं सात-आठ महीने से कथक का रियाज कर रही हूं। मैंने बचपन में लखनऊ घराने से कथक किया था, अब 10 महीने से फिर रोजाना 200 घुंघरू बांधकर रियाज कर रही हूं। इसके शो हम पूरे नॉर्थ अमेरिका में करने जा रहे हैं। इसमें न्यू जर्सी, ऑरलैंडो, अटलांटा, ह्यूस्टन, वाशिंगटन डीसी जैसे नौ जगहों पर शो होंगे तो यह बिल्कुल अलग है और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। थिएटर मेरे लिए बहुत मायने रखता है। वहां कोई ऐक्शन कट नहीं है, आपको हर वक्त चौकन्ना रहना होता है। लोगों की प्रतिक्रिया और प्यार भी तुरंत मिल जाती है, तो आप ज्यादा सजीव महसूस करते हैं।

**-आप साउथ की फिल्मों से लेकर हॉलीवुड फिल्म तक में नजर आ रही हैं मगर हिंदी फिल्मों से क्यों दूर हैं?**

नहीं नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। अगस्त में मेरी एक फिल्म रिलीज हो रही है, रणदीप हुड्डा और परेश रावल जी के साथ। दरअसल, कोविड में जो दो-तीन फिल्में मैंने की, उन्हें रिलीज होते-होते वक्त लग गया। फिर मैं हॉलीवुड चली गई। पिछले साल मेरी हॉलीवुड फिल्म नेवर बैक डाउन~ रिवोल्ट ह्ल्ज्ञ्ज्ञ पर रिलीज हुई है।

मेरे काम में आपको क्वॉन्टिटी भले कम दिखे, लेकिन क्वॉलिटी बहुत है। अब मैं ये नहीं चाहती कि दिख तो हर जगह दिख रही हूं, लेकिन काम ढंग का नहीं है। मैं सिर्फ दिखने के लिए नहीं दिखना चाहती। मैं चाहती हूं कि मेरी ऑडियंस, मेरे फैंस मुझे एक गर्व से देखें कि नीतू करेगी तो अच्छा ही करेगी, कोई सॉलिड चीज करेगी और सॉलिड चीज मेरे लिए थाल में सजाकर तो आती नहीं है। मैं कोई फिल्मी बैकग्राउंड से तो हूं नहीं। तिनका-तिनका जोड़कर मैंने ये दुनिया बनाई है और अब कोई रुकावट नहीं है। अगले महीने अनुराग कश्यप के साथ तमिल फिल्म आ रही है- वन टू वन। दो और हॉलीवुड फिल्में हैं। अब दुनिया बहुत छोटी हो चुकी है, जहां आपको फिल्म करना है, टिकट कटाकर जाइए, फिल्म कर लीजिए। दो हिंदी फिल्मों की स्क्रिप्ट भी पढ़ रही हूं, हिंदी तो अपनी भाषा है तो वह तो सबसे पहले करूंगी।

**-नीतू आप बिहार से बॉलीवुड में आईं। करीब बीस सालों से यहां डटी हुई हैं। आपके लिए इस इंडस्ट्री में अपने शर्तो पर काम करना कितना चुनौतीपूर्ण रहा?**

यह बहुत मुश्किल रहा। तभी मुझे यहां तक पहुंचने में इतने साल लग गए। मेरे पास मैनेजमेंट की कोई टीम नहीं थी। कहते हैं न, एक स्टार बनाने के लिए आर्मी लगती है, मेरे पास कोई आर्मी नहीं थी। जब मैं अच्छा कर रही थी, तब मेरे चारों ओर बहुत सारे लोग थे। फिर एक ऐसा दौर आया जब मैं कुछ नहीं कर रही थी, तब कोई साथ नहीं था तो बहुत मुश्किल होती है। जब इंसान नहीं रहता है तो लोग उसकी ज्यादा चिंता करते हैं।

अब लोग मुझे कहते हैं कि तुम ये क्यों नहीं करती, वो क्यों नहीं करती, लेकिन मैं तो यहीं थी,आपने क्यों नहीं पूछा? तब किसी ने नहीं कहा कि नीतू तो 18 साल तक ताइक्कांडो में फोर्थ डैन ब्लैक बेल्ट रही है, उसे तो सबसे बड़ी ऐक्शन स्टार होना चाहिए, सबसे बड़ी ऐक्शन फिल्में करनी चाहिए या मैं ट्रेंड कथक डांसर थी तो मुझे संजय लीला भंसाली या आशुतोष गोवारिकर की फिल्मों में काम मिल गया। मैं भी इन कमाल के डायरेक्टर्स के साथ काम करना चाहूंगी और जब भी मौका मिला, जी जान लगा दूंगी।




# साराब' रिश्ते, प्यार और मानसिक परेशानी से उबरने की समझ देगा: सोम्या हुसैन

सोम्या हुसैन अपने नए शो साराब को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। यह शो 6 अप्रैल से जिदंगी डीटीएस पर शाम 7.30 बजे प्रसारित होने वाला है, जिस एक्ट्रेस ने अपने काम करने का अपना अनुभव साझा किए। सारब' दक्षिण एशियाई समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सामाजिक सोच और रूढ़ियों के बारे में बात करता है। आपको क्या लगता है किस तरह 'साराब' इस मुद्दे को लेकर बातचीत की शुरुआत कर सकता है और जागरूकता फैला सकता है? 'साराब' में मानसिक स्वास्थ्य की पेचीदगियों को दिखाया गया है।

हमारे समाज में होरैन जैसे लोगों को किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, वो इसमें दिखाया जा रहा है। शिज़ोफ्रेनिया से पीड़ित होरैन के सफर को दिखाकर, इस शो में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक के बारे में खुलकर बात की गई और दर्शकों को उसका मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया गया है। इसका लक्ष्य संवेदना और समझ विकसित करना है, जिससे आखिरकार मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर संवेदनशील और समझदारी भरा तरीका अपनाने की ही प्रेरणा मिलेगी।

# सानंद वर्मा के साथ हुआ था सेक्शुअल हैरेसमेंट



भाबीजी घर पर हैं' फेम एक्टर सानंद वर्मा ने बताया कि 13 साल की उम्र में उनके साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट हुआ था। सानंद ने बताया कि वो लम्हा याद करके सानंद आज भी डर जाते हैं। बचपन में उनके साथ एक व्यक्ति ने गलत हरकत की थी। दरअसल, सानंद को क्रिकेट खेलने का शौक था। वो हर दिन क्रिकेट खेलने जाया करते थे। वहां एक अमीर आदमी आता था, जिसने उनके साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट करने की कोशिश की थी। इस घटना के बाद उन्होंने क्रिकेट खेलना छोड़ दिया था। उनका मानना है कि किसी बच्चे के साथ जब भी यौन उत्पीड़न जैसी हरकत की जाती है, तो वो घटना लाइफ टाइम के लिए उसके दिमाग में रह जाती है। ऐसी घटना कोई भी जल्दी भूल नहीं पाता है। सानंद ने आगे कहा कि इस घटना ने उन्हें एक व्यक्ति के तौर पर मजबूत बनाया।

## एक्टर बनने के लिए छोड़ी जॉब

सानंद ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि काफी स्ट्रगल करने के बाद मुझे एक कंपनी में काम मिला लेकिन मैंने वो जॉब एक दिन छोड़ दी। वहां काफी अच्छी सैलरी और लग्जरी लाइफस्टाइल थी लेकिन मैंने इसे ये सोचकर छोड़ दिया कि नहीं मुझे तो एक्टर बनना है। इसके बाद मैं दोबारा वहीं घूमकर आ गया। मैंने एक बड़ा घर खरीदा था और मेरी पूरी जमापूंजी जैसे ग्रेजुयटी और प्रोविडेंट फंड सब होम लोन में चला गया। मुझे कार बेचनी पड़ी क्योंकि ईएमआई भरने के लिए मेरे पास पैसे नहीं थे।



# मानुषी छिल्लर श्रद्धा कपूर और कृति सेनन के साथ नो एंट्री में एंट्री में होंगी शामिल?

मानुषी छिल्लर अपनी उपलब्धि में एक और इजाफा करने के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन वेलेंटाइन, बड़े मियां छोटे मियां और पीरियड-ड्रामा सम्राट पृथ्वीराज जैसी एक्शन फिल्मों के बाद, मानुषी कथित तौर पर एक कॉमेडी फिल्म में एक्टिंग करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मानुषी छिल्लर, श्रद्धा कपूर और कृति सेनन के साथ, नो एंट्री में एंट्री की प्रतिष्ठित स्टार कास्ट में शामिल होंगी, जो 2005 की फिल्म नो एंट्री का सीक्वल है। सूत्रों से पता चला है कि मानुषी अर्जुन कपूर, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, जो सीक्वल में मुख्य भूमिका अदा करेंगे। इस साल की शुरुआत में घोषित इस प्रोजेक्ट में मानुषी की कृति और श्रद्धा के साथ न सिर्फ उनकी पहली ऑन-स्क्रीन उपस्थिति होगी .

# हैदराबाद में राशि खन्ना ने खरीदा तीसरा घर, किया गृहप्रवेश



एक्ट्रेस राशि खन्ना ने हैदराबाद में अपना तीसरा घर खरीदा है। उन्हें हाल ही में रिलीज हुई फिल्म योद्धा के लिए काफी पॉजिटिव फीडबैक मिल रहा है। एक्ट्रेस अपने परिवार और दोस्तों के साथ गृहप्रवेश समारोह के लिए हैदराबाद गई। तस्वीरों में एक्ट्रेस को इंडियन आउटफिट में गृहप्रवेश करते हुए देखा जा सकता है। उनके साथ उनकी मां और उनके कुछ करीबी रिश्तेदार भी हैं। उन्होंने पहले हैदराबाद में दो घर खरीदे थे, एक 2015 में और दूसरा 2017 में।

# पाक एक्ट्रेस माहिरा खान ने शेयर किया शादी का किस्सा



पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने अपनी शादी से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा- मेरी शादी में डीजे, वेटर समेत सभी रो रहे थे। वेडिंग वेन्यू पर एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं था, जिसकी आंखें नम न हो।

हर कोई रो रहा था। उन्होंने कहा- मैं वेटर और बाकी सभी को देखकर बहुत शॉक्ड थी, मुझे लगा ये सब क्या हो रहा है। माहिरा खान ने एक अक्टूबर 2023 को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड सलीम करीम से शादी कर ली।

ये माहिरा की दूसरी शादी है। उन्होंने पाकिस्तान के भुरबन शहर में स्थित पर्ल कॉन्टिनेंटल होटल में निकाह किया। इस शादी में माहिरा का 14 साल का बेटा भी उनके साथ मौजूद था। माहिरा की पहली शादी साल 2007 में हुई थी। 2015 में तलाक हो गया। माहिरा के बेटे अजलान का जन्म साल 2009 में हुआ था।

## प्रेग्नेंसी की खबरों को झुठलाया

शादी के बाद माहिरा खान की प्रेग्नेंसी की खबरें सामने आई थीं। लेकिन माहिरा ने इन खबरों को झुठलाते हुए कहा- ओह, मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं। ये कोई अनोखी बात नहीं है लेकिन फिलहाल ये सिर्फ एक अफवाह है। मुझे नहीं पता कि ये बातें कहां से आईं। उन्होंने कहा- शायद ऐसा इसलिए है, क्योंकि मेरा वजन बढ़ गया है। फिल्म छोड़ देने की अफवाह पर भी माहिरा ने विराम लगाया। उन्होंने कहा- मैंने कोई फिल्म नहीं छोड़ी है। माहिरा, शाहरुख खान के साथ 2017 की फिल्म रईस में नजर आई थीं।

## संक्षिप्त समाचार

# टूट गया उसेन बोल्ट का रिकॉर्ड

### 16 साल के लड़के निकेको ब्रॉमवेल ने चीते को पछाड़ा, धरती पर इसके जैसा कोई नहीं!

**जमैका (एजेंसी)।** जब बात होती थी धरती पर सबसे तेज दौड़ने वाले जीव की तो दो ही नाम सूझता था, एक चीता और दूसरा उसेन बोल्ट, लेकिन अब ये इसमें से एक नाम अब बदल गया है। अब चीते के बाद



सबसे तेज दौड़ने वाले उसेन बोल्ट नहीं बल्कि निकेको ब्रॉमवेल हैं। जब बात होती थी धरती पर सबसे तेज दौड़ने वाले जीव की तो दो ही नाम सझूता था, एक चीता और दूसरा उसेन बोल्ट, लेकिन अब ये इसमें से एक नाम अब बदल गया है। अब चीते के बाद सबसे तेज दौड़ने वाले उसेन बोल्ट नहीं बल्कि निकेको ब्रॉमवेल हैं। हैरानी की बात यह है कि ब्रॉमवेल भी जमैका के ही रहने वाले हैं।

# आर्चर की चोटें चिंता का विषय

### स्टोक्स का टी20 विश्व कप में नहीं खेलना सही : स्टुअर्ट ब्रॉड

**मुंबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने करिश्माई आलराउंडर बेन स्टोक्स के फिटनेस कारणों से इस साल के टी20 विश्व कप से बाहर रहने के फैसले का समर्थन किया लेकिन तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चोटों पर चिंता व्यक्त की।

ब्रॉड ने कहा कि गत चैम्पियन इंग्लैंड को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में स्टोक्स की कमी खलेगी लेकिन टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए काफी खिलाड़ी मौजूद हैं। ब्रॉड



ने कहा, 'बेन ने खुद की बेहतरी के लिए जो भी फैसला किया है, वह सही है। बेन स्टोक्स ने अपने करियर में कुछ शानदार फैसले लिए हैं जो उनके करियर के लिए फायदेमंद भी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, 'वह वैसा ही आलराउंडर बनना चाहता है जैसा वह हुआ करता था। वह कुछ कार्यभार कम करना चाहता है और टी20 विश्व कप के दबाव को देखते हुए यह सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।

वहीं आर्चर को अपनी गेंदबाजी करने वाली बांह की चोट से उबरने में काफी मुश्किल हो रही है और इंग्लैंड के लिए दो साल का अनुबंध मिलना दिखाता है कि टीम प्रबंधन को उनकी जल्द वापसी का विश्वास है। ब्रॉड ने कहा कि वह विश्व कप में उनकी वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हां, यह चिंता का विषय है। पहली बात तो वह मेरा मित्र है, मेरा साथी है और विश्व क्रिकेट के लिए शानदार प्रतिभा है। वह मैच विजेता है।



# पिता पुलिस में डीआईजी बेटा गेंदबाजों के लिए विलेन...

## ऐसा धांसू है शशांक सिंह का क्रिकेट करियर

**भोपाल (एजेंसी)।** शशांक सिंह ने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2024 में असंभव स्थिति से गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दिलाई। जब शशांक क्रीज पर उतरे तो पंजाब के जीत की संभावना 5 प्रतिशत से भी कम थी। 200 रनों का लक्ष्य का पीछा करते समय टीम ने 70 रन पर 4 विकेट खो दिए थे। 29 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाकर शशांक ने अपनी टीम को जीत दिला दी। पंजाब किंग्स के कमबैक के साथ ही शशांक की पारी लंबे समय तक याद रखी जाएगी। काफी लोग शशां को युवा खिलाड़ी मान रहे हैं लेकिन वह 32 साल के हो चुके हैं। ऐसा है उनका क्रिकेटिंग सफर बताते हैं।

**छत्तीसगढ़ के भिलाई में हुआ था जन्म-** शशांक सिंह का जन्म छत्तीसगढ़ के भिलाई में हुआ था। उनके पिता आईपीएस अधिकारी हैं। इसकी वजह से शशांक बचपन में कई जगह रहे। जब उनके पिता की पोस्टिंग जबलपुर में थी तो पहली बार एकेडमी जाकर खेलना शुरू किया था।

### मुंबई में जाकर पसीना बहाया

शशांक सिंह इसके बाद मुंबई पहुंचे। वहां जाकर उन्हें पता चला कि क्रिकेट कितना मुश्किल होता है। फिर वहां के मैदानों में शशांक ने जमकर पसीना बहाया। 2015 में उन्हें मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का मौका मिला।

### ज्यादा मौके नहीं मिलने पर छत्तीसगढ़ पहुंचे

बल्लेबाजी के साथ ही ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले शशांक को मुंबई के लिए चार सीजन में 15 टी20 और तीन लिस्ट ए गेम खेलने का मौका मिला। इससे वह काफी निराश हो गए।

### एक ही मैच में 150 रन और 5 विकेट

छत्तीसगढ़ जाने के बाद शशांक सिंह को ज्यादा मौके मिलने लगे। उन्हें फर्स्ट क्लास डेब्यू का भी मौका मिला। 2023 में उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में 150 से ज्यादा रन बनाने के अलावा 5 विकेट लिए। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय हैं।

### कैसा है शशांक सिंह का रिकॉर्ड

30 लिस्ट ए मैच में शशांक ने 41 की औसत और 110 की स्ट्राइक रेट से 986 रन बनाए हैं। 21 फर्स्ट क्लास मैच में उनके 858 रन हैं। 59 टी20 में 141 की स्ट्राइक रेट से 815 रन मारे हैं। इसके अलावा उनके नाम 60 विकेट भी दर्ज हैं।

### आईपीएल में चार टीमों का रहे हिस्सा

आईपीएल 2017 में शशांक दिल्ली की टीम में थे। फिर 2019 से 2021 कर राजस्थान रॉयल्स के साथ रहे। दोनों टीमों ने उन्हें खेलने का मौका नहीं दिया। 2022 आईपीएल में वह सनराइजर्स हैदराबाद में थे। लॉकी फर्ग्यूसन के खिलाफ उन्होंने हैट्रिक छक्का मारा था। 9 आईपीएल पारी में शशांक 174 की स्ट्राइक रेट से 160 रन बनाए हैं।

**पंजाब किंग्स के स्टार आशुतोष शर्मा का खुलासा**

# 'मेरी फ्लाइट बुक थी... उन्होंने मुझे रुकने के लिए कहा'

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट आशुतोष शर्मा ने खुलासा किया कि कैसे वह ट्रायल के बाद जाने के लिए तैयार थे, लेकिन रुक गए और आखिरकार अपने पहले आईपीएल सीजन में फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन गए। आशुतोष ने गुजरात पर जीत में पीबीकेएस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। गुजरात के खिलाफ 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने 15.3 ओवर के बाद 6 विकेट पर 150 रन बना लिए थे, तभी आशुतोष क्रीज पर आए और शशांक सिंह के साथ 22 गेंदों में 43 रनों की मैच विजयी साझेदारी की।



आईपीएल वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में आशुतोष ने कहा कि वह अपने पीबीकेएस ट्रायल के बाद घर जाने के लिए तैयार थे, जब तक कि टीम प्रबंधन ने उन्हें एक अतिरिक्त दिन रुकने के लिए नहीं कहा। रेलवे के बल्लेबाज ने खुलासा किया कि उन्हें एक अन्य आईपीएल टीम द्वारा अनुबंध की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने पीबीकेएस के साथ रहने का फैसला किया और अंततः टीम में शामिल हो गए।

आशुतोष ने एक वीडियो में कहा, मैंने पंजाब के साथ अपना परीक्षण अच्छा किया और घर के लिए रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार था। मैंने रात के लिए अपनी फ्लाइट बुक की थी, लेकिन फिर उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि 'एक और दिन रुकें।' मुझे एक और ट्रायल के लिए जाना था।

# पेरिस ओलंपिक से पहले ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम



**पर्थ (एजेंसी)।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा।

भारत ने आखिरी बाद 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिए दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।

### हेड टू हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | - 43 |
| ऑस्ट्रेलिया | - 28 जीत |
| भारत | - 8 जीत |
| ड्रॉ | - 7 |
| समय | - दो बजे से। |

# योजना अच्छी शुरुआत देने की थी लेकिन मैं दुर्भाग्य से आउट हो गया : शिखर धवन

**अहमदाबाद(एजेंसी)।** पंजाब किंग्स रिकॉर्ड छठी बार 200 या इससे ज्यादा का स्कोर चेज करने वाली आईपीएल की पहली टीम बन गई है। पंजाब ने मुंबई इंडियंस (5) को पीछे छोड़ दिया है। खास बात यह है कि पंजाब ने तीन बार शिखर धवन की कप्तानी में ही 200 से ज्यादा रन का लक्ष्य अपने नाम किया। पंजाब ने अहमदाबाद के मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में एक वक्त 111 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिए थे। ऐसे समय में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने महत्वपूर्ण पारियां खेलकर इतिहास बना दिया। मुकाबला जीतने के बाद पंजाब के कप्तान शिखर धवन काफी खुश दिखे।



धवन ने कहा कि यह एक अद्भुत खेल था, बहुत करीबी, मुझे खुशी है कि लड़कों ने काम किया। योजना अच्छी शुरुआत देने की थी लेकिन मैं दुर्भाग्य से आउट हो गया लेकिन पावरप्ले के अंत में हम 60 रन के आसपास थे, हमने साझेदारियां बनाना जारी रखा और शशांक आए और वास्तव में अच्छा खेला।

धवन ने कहा कि शशांक ने जिस तरह से आकर छक्का मारा, वह शानदार था। जिस तरह दबाव में आकर उन्होंने बल्लेबाजी की। वह अच्छा था। वह सहज लग रहा था। उन्होंने नंबर 7 से शुरुआत की और अब अपनी सकारात्मक मानसिकता दिखा रहे हैं। वह लंबे समय के बाद आईपीएल में खेल रहे हैं और उन्होंने बहुत अच्छा खेला। मैं आशुतोष का भी जिक्र करूंगा, उन्होंने दबाव में आकर अच्छी पारी खेली।

मैच की बात करें तो पंजाब के लिए मध्यक्रम बल्लेबाजों का प्रदर्शन अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम के लिए जीत लेकर आया। गुजरात ने पहले खेलते हुए शुभमन गिल के 89 रनों की बदौलत 199 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब ने 111 रन पर ही 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद शशांक सिंह और इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे आशुतोष शर्मा ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए और अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। शशांक ने जहां 61 रन बनाए तो आशुतोष ने 17 गेंदों पर 31 रन बनाकर टीम की जीत में अहम रोल निभाया।

# क्रिकेट वर्ल्ड के 5 धाकड़ अपनी टीम के लिए बने 'पनौती', एक का औसत 8 से भी कम

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में अब तक 17 मैच हो चुके हैं। अंगकृष रघुवंशी, शशांक सिंह, आशुतोष शर्मा, मयंक यादव, रियान पराग सहित कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपनी टीमों के लिए अभी तक पनौती साबित हुए हैं। उन्हें क्रिकेट की दुनिया का बड़ा सितारा माना जाता है, लेकिन मैदान पर वे बुरी तरह फेल हो रहे हैं। एक का औसत तो सिर्फ लगभग 8 है। यह खिलाड़ी हैं शामिल... ।

**अबकी जोस बटलर का जोश हवा हवाई-** इंग्लैंड के कप्तान बटलर हर बार राजस्थान के लिए एक्स फैक्टर साबित होते



थे। इस बार बटलर का बल्ला पूरी तरह खामोश है। उनके बैट से 3 मैचों में सिर्फ 35 रन निकले हैं। उनका औसत 11.66 और स्ट्राइक रेट 85.36 है। हालांकि, उनकी टीम ने सभी 3 मैच जीते हैं।

**मुंबई की कप्तानी नहीं आ रही हार्दिक पंड्या को रास-** गुजरात टाइटंस को चैंपियन और फिर रनरअप बनाने के बाद रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनने वाले हार्दिक पंड्या के लिए यह सीजन बेहद बुरा जा रहा है। उन्होंने हर मैच में अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। 3 मैचों में उनके नाम 69 रन हैं और सभी में उनकी कप्तानी को लेकर सवाल उठाए गए। अब देखने वाली बात यह है कि हार्दिक बाउंस बैक कर पाते हैं या नहीं।

### आईपीएल के लिए इंटरनेशनल करियर दांव पर लगाने वाले ईशान किशन

आईपीएल से पहले इंटरनेशनल सीरीज और डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से विवादों में आए ईशान किशन के लिए यह सीजन अभी तक किसी बुरे सपने की तरह साबित हुआ है। उन्होंने 3 मैच खेले हैं और सिर्फ 50 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियंस सभी 3 मैच हारकर पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे है।

### ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श

दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की शुरुआत में मिचेल मार्श से ओपनिंग कराने की सोची। दलील थी कि डेविड वॉर्नर और मार्श दोनों ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपन करते हैं। हालांकि, बात बनी नहीं। मिचेल मार्श 4 मैच खेलकर सिर्फ 61 रन बना सके हैं, जबकि उनके बल्ले से 8 चौके और एक छक्का निकला है। दिल्ली ने 4 में से सिर्फ एक मैच जीता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कपिल शो पे चढ़ा क्रिकेट का बुखार, आए रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर बनकर मेहमान

**मुंबई, एजेंसी।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो, जिसका प्रीमियर 30 मार्च को हुआ, पहले ही पूरी दुनिया में धूम मचा चुका है! इस शो को बहुत अच्छी शुरुआत मिली है, और यह 14 देशों में ट्रेंड हो रहा है। इस शनिवार को कपिल शर्मा और उनकी पूरी टीम क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर का स्वागत करेंगेढ्ढ इन दोनों के साथ सेट पर खूब सारी चर्चा और हंसी मजाक देखने को मिलेगा दोनों खिलाड़ियों की घनिष्ठ दोस्ती साफ़ दिखाई दे रही थी, जब वो पूरे एपिसोड में एक दूसरे की खूब 'टांग-खिंचाई' कर रहे थे। उन्होंने क्रिकेट मैदान के अंदर और बाहर के अनेक किस्से सुनाए। रोहित की गुगली से लेकर श्रेयस के सिक्सर तक, इन दोनों की बिंदास बातचीत और पहले कभी ना देखी गई मस्ती देखना ना भूलें। इस बातचीत ने नया मोड़ तब ले लिया, जब सुनील ग्रोवर ने इंजीनियर चुंबक मित्तल के रूप में आकर 'माहौल' को मनोरंजित कर दिया। उन्होंने सीधे-सीधे रोहित से इंडियन क्रिकेट टीम में जगह मांग ली (क्या!), हाँ, इतना जरूर माना की वो ओपनिंग बल्लेबाजी नहीं करना चाहते ढ्ढ इस पर रोहित ने कहा, ओपनिंग तो भूल ही जाओ यार! सुनील फिर भी टीम में शामिल होने पर अड़े रहे और कहा कि वो निचले क्रम में 11वें नंबर पर भी बैटिंग करने को तैयार हैं, क्योंकि उनकी कौन सी बैटिंग आती है, और अगर बैटिंग आ भी गई तो मैं बोल दूंगा कि तुम्हारे दस कुछ नहीं कर पाए तो मैं क्या कर लूंगा। इस पर रोहित ने कहा, ये बात मोहम्मद शमी, बुमराह, ये सब हमको बोलते हैं। हम देखते हैं ना कि 10थ या 11थ नंबर जब बैटिंग करते हैं, हम बोलते हैं यार 10 रन बना ले भाई, उनकी भी यही थिंकिंग रहती है - तुम तो बना नहीं पाए, पर हमसे एक्सपेक्ट कर रहे हो!

### असम में पुलिस को बड़ी सफलता, 210 करोड़ की हेरोइन जब्त

**कछार (असम)।** असम में इन दिनों ड्रग्स मुक्त राज्य की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसटीएफ असम और कछार पुलिस ने संयुक्त अभियान में सिलचर में 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 210 करोड़ रुपये है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं इस मामले की जांच जारी है। इसे लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए असम पुलिस को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने यह जक्रि भी किया कि यह ड्रग्स के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर राज्य में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। इस संयुक्त ऑपरेशन का प्रतिनधित्व असम एसटीएफ के आईजीपी पार्थ सारथी महंता और कछार पुलिस के एसपी नुमल महत्ता ने किया। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को एसटीएफ की टीम ने सईदपुर के पास वाहन रूं01-7204 की जांच की इस दौरान उन्हें प्योर फॉर्म में 21 किलो ग्राम हेरोइन जब्त की। यह इलाका कछार जिले के सिलचर पुलिस थाने के अंतर्गत आता है। आईजीपी, एसटीएफ ने बताया कि दस दिन पहले उन्हें इनपुट मलिा था कि पड़ोसी राज्य से ड्रग्स का बड़ा कन्साइनमेंट राज्य में आने वाला है, जहां से इसे दो बड़े शहरों में सप्लाई किया जाएगा।

### चुनाव अधिकारियों ने बीच रास्ते में रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की कार

**ऊटी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से सभी पार्टियां लोगों को लुभाने की कोशिश में है। इस बीच चुनाव में पैसे का गलत इस्तेमाल न हो इसके लिए चुनाव आयोग अपनी कड़ी नजर बनाए हुए हैं। तमिलनाडु में भी यही आलम है, यहां चुनाव के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो रखे हैं। इसके चलते तमिलनाडु के पूर्व सीएम और एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी की गाड़ी तक को चुनाव आयोग के उड़न दस्ते ने रोक दिया। चुनाव अधिकारियों ने गाड़ी की जांच के लिए कई देर तक इसे रोके रखा। चुनाव अधिकारी हर राज्य में दिखा रहे सख्ती लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग का उड़न दस्ता जगह-जगह जांच अभियान चला रहा है। चुनावों में गलत चीजों के इस्तेमाल को रोकने के लिए यह अभियान चला रहा है।

# कर्ज है तो किडनी बेच लो ना; 100 से ज्यादा गरीब बांग्लादेशी बने शिकार, बड़े कांड का खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बांग्लादेश के गरीब जरूरतमंदों को गुरुग्राम लाकर अवैध तरीके से जयपुर में उनकी किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ गुरुवार को गुरुग्राम में हुआ। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ने गुरुवार को एक होटल में छापा मारकर किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुके मरीज, डोनर और ट्रांसप्लांट करवाने के लिए आए 9 मरीजों को पकड़ा। रैकेट 100 से अधिक लोगों की किडनी निकालकर बेच चुका था। गिरोह का सरगना रांची का रहने वाला मोहम्मद मुर्तजा अंसारी है, जिसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का सरगना बीते कई सालों से यह गोरखधंधा चला रहा है। गिरोह की सक्रियता सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल, दिल्ली-एनसीआर और बांग्लादेश में है। पुलिस के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी फेसबुक पेज और अपने नेटवर्क के जरिये कर्ज में डूबे बांग्लादेश के गरीब लोगों को रुपये का लालच देकर किडनी देने के लिए संपर्क करता था। पुलिस गिरोह के सदस्यों का पता लगाने के लिए सरगना की तलाश कर रही है।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता और पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने जगह-जगह अपने एजेंट बनाए हैं। वह किडनी लेने और देने वालों के पास इन एजेंटों को भेजता था। छापेमारी के दौरान होटल के एक कमरे में बांग्लादेश का 24 वर्षीय शमीम मेहंदी असन मिला। उसने हिन्दुस्तान को बताया कि दुकान बेच देने के बावजूद उसका कर्ज नहीं उतरा। उसके बाद फेसबुक पर रुपये के बदले किडनी डोनेट के बारे में पता



चला। उसने ब्लड ग्रुप लिखने के साथ ही किडनी डोनेट करने की इच्छा जाहिर की। कुछ दिन बाद एक एजेंट ने उससे संपर्क किया। बांग्लादेश में मिलने के बाद उसने पूरी प्रक्रिया बताई। फिर मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने संपर्क किया और चार लाख रुपये उसने देने का वादा किया। गिरोह ही मेडिकल वीजा पर बांग्लादेश से हवाई जहाज से दिल्ली लाया और गुरुग्राम के होटल में उसे रुकवाया गया। फिर उसे जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में लेकर गए और वहां पर कुछ टेस्ट करवाए।

सभी रिपोर्ट ठीक आने पर बीते सप्ताह उनकी किडनी निकालकर बांग्लादेश के 66 वर्षीय इस्लाम नुरुल को ट्रांसप्लांट कर दी गई। गिरोह स्वास्थ्य में सुधार के बाद गुरुग्राम के सेक्टर-39 स्थित बबील पैलेस होटल में मंगलवार को दोनों को वापस ले आया। शमीम ने बताया कि उसे एक किडनी देने के लिए बांग्लादेशी मुद्रा में चार लाख रुपये मिले। दो लाख रुपये पहले और दो लाख रुपये ट्रांसप्लांट होने के बाद मिले। उसने रोते हुए कहा कि सिर्फ कर्ज उतारने के लिए उसने किडनी दी। 17 फरवरी को भारत आए कुछ ऐसी ही बातें बांग्लादेश के रूबियल करीम ने बताई। उन्होंने बताया कि अपने 27 वर्षीय बेटे का किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए उन्होंने किसी के माध्यम से मोहम्मद मुर्तजा अंसारी से संपर्क किया। दस लाख रुपये में डोनर मिलने के बाद 17 फरवरी को भारत आए। गुरुग्राम में उन्हें रुकवाया गया, फिर जयपुर के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। वहां रिपोर्ट ठीक न आने पर उनको गुरुग्राम के होटल में ठहराया गया है।

पुलिस के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अंसारी की जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में गहरी पैठ थी। किडनी डोनर की जरूरत होने पर मरीज को दो से तीन दिन में उपलब्ध करवा देता था। इसके लिए वह दस लाख रुपये लेता, जबकि किडनी डोनेट करने वालों को चार लाख देता था। इसके लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराता था सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि ब्लड रिलेशन या फिर किसी दूसरे से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए जिला स्तर पर बनी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। कमेटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेने के बाद ही प्रकिया होती है, लेकिन बिना अनुमति लिए अवैध तरीके से ट्रांसप्लांट किया जा रहा था। गिरोह 30 साल से कम उम्र वाले डोनर को ज्यादा तवज्जो देता था। इसकी वजह यह है कि उनका स्वास्थ्य अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठीक होता है। छापेमारी के दौरान होटल में जो डोनर मिले, उनकी उम्र 24-25 साल की है, जबकि जिन्हें किडनी की जरूरत थी, उनकी उम्र 32 से लेकर 66 के बीच में है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम को राजस्थान की एसीबी से गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बबील पैलेस होटल में बांग्लादेशी लोगों के रुके होने की सूचना मिली थी। गुरुवार सुबह सात बजे संयुक्त टीम होटल में छापेमारी के लिए पहुंची। राजस्थान एसीबी मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। पुलिस ने होटल में मिले सभी नौ बांग्लादेशियों के मोबाइल फोन, ट्रांसप्लांट के दस्तावेज और पासपोर्ट जब्त कर ली है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि किडनी लेने-देने से जुड़े फेसबुक पर दस से ज्यादा पेज हैं। उन पेजों पर मैसेज करने पर एजेंट संपर्क करता है।

## दिल्ली की तीन लोकेशन, तीन पॉलिथीन बैग में मिले शव के टुकड़े, पुलिस ने कैसे सुलझाई रशियन शख्स की मर्डर मिस्ट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली में तीन अलग-अलग स्थानों पर पुलिस को पॉलिथीन बैग्स मिले जिसके अंदर शरीर के टुकड़े थे, इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा लिया गया है। तीनों स्थानों से मिले शरीर के अंगों का डीएनए टेस्ट कराया गया। जिससे पता चला कि यह एक ही शख्स के हैं। हालांकि मृतक की पहचान के लिए टेस्ट रिपोर्ट काफी नहीं थी। इसी बीच 28 जनवरी को पुलिस ने 41 साल के गौरव किशोर को गिरफ्तार किया जिसकी मदद से पुलिस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा पाई। माना जा रहा है कि सभी बॉडी पार्ट्स एक रशियन आदमी के हो सकते हैं, जो लापता है।

पिछले साल 21 और 22 दिसंबर को दिल्ली पुलिस को राजधानी में तीन लोकेशन से तीन पॉलिथीन बैग जिले। इनमें बिना हाथों वाली बांह, लिंब्स, पुरुष का निचला धड़, और में गर्दन से जुड़ी छाती थी। जनवरी 2024 में डीएनए टेस्ट से पता चला कि ये सभी अंग एक ही व्यक्ति के थे। एक पुलिस अधिकारी ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया, आरोपी ने दावा किया कि पिछले साल 20 दिसंबर को उसने एक रशियन आदमी की हत्या कर दी थी, जिसके साथ वह 2014-2023 तक तिहाड़ जेल में बंद था। उसने कहा कि पीड़ित स्पेशल सेल द्वारा दर्ज नशीले पदार्थों के केस के चलते जेल में था और अवैध तौर पर भारत में रह रहा था। किशोर ने कहा कि एक बार जेल से बाहर आने के बाद, रशियन व्यक्ति जबरन बाहरी दिल्ली के कुंवर सिंह नगर में उसके किराए के घर में उसके साथ रहा।

अधिकारी ने कहा कि किशोर ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उसने रशियन शख्स की हत्या कर दी क्योंकि वह उसे बहुत परेशान कर रहा था और यह असहनीय था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिरम ने एचटी को बताया कि आरोपी ने 2008 में एक इसी तरह हत्या की थी जिसके लिए उसे दोषी ठहराया गया है।

# कहीं झुलसाती धूप, कहीं झमाझम बारिश... 6 राज्यों में लू के थपेड़े कर देंगे जीना मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मौसम के तेवर में हर बदलते दिन के साथ बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी झुलसाती गर्मी और उमस लोगों को महसूस होती है तो अगले ही पल बादल भी धूप के साथ लुकाछिपी खेलता हुआ दिख जाता है।

अप्रैल महीने की शुरुआत होते ही बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। बार-बार आने वाली गर्मी को लेकर लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे वह खुद को बढ़ती गर्मी से बचा सकते हैं।

वहीं शुक्रवार को एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर का मौसम सुहावना दिखा। बादलों के साथ तेज हवाओं के कारण सुबह के वक्त खिली हुई धूप नजर नहीं आई। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार को दिल्ली में तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। दिल्ली के अलावा अगले 24 घंटों के दौरान, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और




त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिन भर बादल छाए रह सकते हैं। कुछ इलाकों में तेज झोंकेदार हवा के साथ हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक हवा की गति 25 से 35 किमी प्रति घंटे तक ही रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 19 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। यूपी में दिन की शुरुआत ही चिलचिलाती धूप से हो रही है। दिन के चढ़ते ही यहां का पारा भी बढ़ने लगता है। प्रदेश के हर शहर में दोपहर बाद पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है। नतीजा, तीक्ष्ण चिलचिलाती धूप ने सड़कों पर भीड़ कुछ देर के लिए कम कर दे रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को आंशिक बादल छाए रहने का आसार जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान कई राज्यों में बारिश हो सकती है। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। केरल में भी हल्की बारिश की संभवाना है। वहीं, उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।आइएमडी आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, रायलसीमा और तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति संभव है।

## न्यायाधीशों को भेजे गए धमकी भरे पत्रों और जहरीले पाउडर की जांच करेगी सरकार, शहबाज शरीफ बोले

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को मिले धमकी भरे पत्रों और कथित जहरीले पाउडर की जांच शुरू करेगी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के आठ न्यायाधीशों और लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के तीन न्यायाधीशों को संदिग्ध पाउडर के साथ धमकी भरे पत्र मिले थे। शरीफ ने कहा, बुधवार को कई न्यायाधीशों को पत्र भेजे गए थे और उनमें एक संदिग्ध पाउडर के बारे में जो रिपोर्ट सामने आई है। मुझे लगता है कि हमें इस पर पूरी जिम्मेदारी दिखानी चाहिए और इसमें किसी तरह की सियासत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान सरकार जिम्मेदारी की भावना के साथ इसकी जांच करेगी। सेलो टेप से सील किए गए सफेद लिफाफों में सभी न्यायाधीशों को सौंपे गए पत्रों में उनके नाम और अदालत का पता लिखा हुआ था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पत्रों में धमकी भरी बातों के संकेत थे और न्यायाधीशों पर पाकिस्तान के लोगों की समस्याओं के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया गया है। दो न्यायाधीशों के कर्मचारियों ने लिफाफे खोले और अंदर संदिग्ध पाउडर मिला। उन्होंने मामले की सूचना इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को दी, जिन्होंने अदालत की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों को तलब किया। एक मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार पत्र, भेजने वाले के अधूरे पते के साथ जारी किए गए थे। प्राथमिकी में कहा गया है कि तहरीक-ए-नमूस पाकिस्तान का जिक्र करते हुए पत्रों में न्याय प्रणाली की आलोचना की गई है और धणकी के साथ विशेष फोटो और अंग्रेजी शब्द बेसिलस एन्थ्रेसिस शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इसी तरह के पत्र अगले दिन सर्वोच्च न्यायालय और लाहौर उच्च न्यायालय में पहुंचे, जिसके बाद आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने इस्लामाबाद और लाहौर में दो मामले दर्ज किए। शीर्ष अदालत ने ये पत्र पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा, न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह, न्यायमूर्ति जमाल खान और न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन को भेजे हैं।

## मालदीव का अच्छा दोस्त है भारत, दोनों देशों के बीच चल रही तनातनी पर बोले मंत्री मोहम्मद सईद

**माले, एजेंसी।** मालदीव के वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक ने हिंद महासागर में द्वीप राष्ट्र में विदेशी सैनिकों की मौजूदगी के खिलाफ राष्ट्रपति मुइज्जू के रुख का बचाव करते हुए कहा कि मालदीव अभी भी भारत को दोस्त ही मानता है। मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 3 अप्रैल तक आने वाले कुल 6,20,358 पर्यटकों में से चीन 69,028 के साथ शीर्ष पर रहा, इसके बाद रूस (63,272), ब्रिटेन (61,394), इटली (58,613),जर्मनी (48,581) और भारत (35,378) का स्थान रहा है।



**क्या है मामलाः** गौरतलब है कि पिछले नवंबर में शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर, चीन समर्थक झुकाव के लिए जाने जाने वाले मुइज्जू ने भारत से अपने 88 सैन्य कर्मियों को देश से वापस लेने के लिए कहा था। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति मालदीव की संप्रभुता के लिए खतरा थी। मालदीव के वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक से पूछा गया कि क्या माले चीन और भारत दोनों के साथ दोस्त हो सकता है, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मालदीव सभी देशों का दोस्त है।

**मालदीव सभी देशों का मित्र- मोहम्मद शफीकः** एक साक्षात्कार में मोहम्मद शफीक ने कहा कि मुझे लगता है कि मालदीव सभी देशों का मित्र है। हम एक पर्यटक देश हैं और दुनिया के लिए खुले हैं। एक छुट्टियां बिताने की जगह के रूप में चीनी और भारतीय दोनों ही हमारी सराहना करते हैं। शफीक ने इस बात पर भी जोर दिया कि मालदीव अभी भी भारत को दोस्त मानता है। उन्होंने कहा कि बेशक, हम दोस्त हैं। हमारे राष्ट्रपति, हमारी सरकार और लोग यहां विदेशी सैनिकों की मौजूदगी को अस्वीकार करते हैं।मुइज्जू ने कहा था 10 मई के बाद कोई भी भारतीय सैन्यकर्मी, यहां तक कि नागरिक कपड़ों में भी, उनके देश के अंदर मौजूद नहीं होगा।

# रेस्तरां में खाने गए नूडल्स में मिली बैंडेज- मचा हंगामा

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** एक रेस्तरां में जब शख्स ने खाने के लिए नूडल्स आर्डर किए तो उसमें बैंडेज देख पैरो तले जमीन खिसक गई। दरअसल, एक मलेशियाई व्यक्ति ने फेसबुक पर अपने परिवार के खराब भोजन अनुभव को साझा किया, जिससे भोजन करने वालों ने रेस्तरां में अपनाई जाने वाली स्वच्छता प्रथाओं पर सवाल उठाया। पिछले हफ्ते साझा की गई एक पोस्ट में, शॉन सीजी ने आरोप लगाया कि उन्हें उनके चावल नूडल डिश में इस्तेमाल किया हुआ बैंडेज मिला था। लेकिन जिस बात ने उसके परिवार को चौंका दिया वह मालिक की प्रतिक्रिया थी। उसने कहा, अगर आपने इसे खा लिया, तो यह उतना खतरनाक नहीं है। रेस्तरां मालिक से पूछताछ करने पर शॉन ने कहा कि उनकी पहली प्रतिक्रिया माफ़ी मांगने की नहीं बल्कि रसोई में जाकर देखने की थी। फिर उसने स्वीकार किया कि उसके एक कर्मचारी की उंगली पर बैंडेज लगी हुई थी और गलती से बर्तन दूषित हो गया था और उसने माफी मांगी।

इसके बाद, मालिक ने उन्हें आश्वस्त करने का प्रयास किया कि चिंता की कोई बात नहीं है और वे अभी भी अपने दोपहर के भोजन का आनंद ले सकते हैं। हालाँकि, परिवार ने स्थिति पर अपनी घृणा और बेचैनी व्यक्त करते हुए रेस्तरां छोड़ने का फैसला किया।

शॉन सीजी की पोस्ट के अनुवादित कैप्शन में लिखा है, आज, मैंने अपने ससुराल वालों को दोपहर का भोजन देने का फैसला किया। हमने पके हुए





चावल के नूडल्स और भुना हुआ सूअर का मांस ऑर्डर किया। जैसे ही हमने भोजन खाया, मेरे ससुर ने शेफ के चाकू कौशल की सराहना की। लेकिन अचानक, मेरे ससुर ने भुने हुए सूअर के मांस का एक पतला टुकड़ा खाया, और फिर दूसरी तरफ खोला जिसमें बैंडेज देख वह हैरान रह गए और मैंने बॉस महिला को बुलाया और उनसे पूछा कृपया पूछें कि यह क्या है। उनका पहला वाक्य माफी मांगने के लिए नहीं था बल्कि रसोई में जाकर इसे देखने के लिए था। फिर वह वापस आई और कहा कि कर्मचारी के हाथ पर बैंडेज लगी हुई थी जो गलती खाने में गिर गई।

शॉन ने कहा, तब बॉस ने माफी मांगी और कहा कि हाथ पर कीटाणु होंगे। बॉस महिला ने कहा, अगर आपने इसे खा लिया, तो यह उतना गंभीर नहीं है। उन्होंने यह भी कहा, मैं कर्मचारियों से काम करवाने के लिए 100 प्रतिशत नहीं जा सकती, मुझे आगे और पीछे की देखभाल करनी होती है। इस पोस्ट को देख सोशल मीडिया यूजर ने कई तरह की प्रतिक्रिया दी और रेस्तरां पर गुस्सा निकाला।

## राष्ट्रपति जरदारी से मिले सेना प्रमुख, सेना के खिलाफ राजनीतिक दलों के आरोपों को बताया निराधार

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके व्यक्तियों द्वारा सेना के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को जब सेना के प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तब उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा। जरदारी को 14वें राष्ट्रपति के तौर पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसे तत्वों से निपटने के लिए संकल्प लिया है। दरअसल, जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी पर लगातार हमले का जिक्र कर रहे थे। इस बैठक में सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के अभियानों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रपति को विशेष तौर पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान क्षेत्र में विकास पहल में सेना के योगदान के बारे में भी बताया। राष्ट्रपति जरदारी ने कहा कि देश की संप्रभता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में सेना का योगदान महत्वपर्ण है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129